# आई. ए. एस. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2022

# सामान्य अध्ययन

## प्रथम प्रश्न-पत्र का हल

## (विश्लेषण सहित व्याख्या)

(परीक्षा तिथि : 05 जून, 2022)

**1. "Rapid Financing Instrument" and "Rapid Credit Facility" are related to the provisions of lending by which one of the following?**
**"त्वरित वित्तीयन प्रपत्र (Rapid Financing Instrument)" और "त्वरित ऋण सुविधा (Rapid Credit Facility)", निम्नलिखित में किस एक के द्वारा उधार दिए जाने के उपबंधों से संबंधित हैं ?**

(a) Asian Development Bank/एशियाई विकास बैंक
(b) International Monetary Fund/अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(c) United Nations Environment Programme Finance Initiative/संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम वित्त पहल
(d) World Bank/विश्व बैंक

**Ans. (b) :** त्वरित वित्तीयन प्रपत्र और त्वरित ऋण सुविधा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा प्रदान किया जाता है। त्वरित वित्तीयन प्रपत्र (RFI) तेजी से वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जो सभी सदस्य देशों को भुगतान संतुलन की तत्काल आवश्यकता का सामना करने के लिए उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त त्वरित ऋण सुविधा (RCF) कम आय वाले देशों (Low-income countries) को तत्काल रियायती वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जो बिना किसी पूर्व शर्त के भुगतान संतुलन की आवश्यकता का सामना कर रहे हैं, जहां एक पूर्ण आर्थिक कार्यक्रम न तो आवश्यक है और न ही संभव है।

**2. With reference to the Indian economy, consider the following statements:**
**भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **An increase in Nominal Effective Exchange Rate (NEER) indicates the appreciation of rupee.**
**अंकित प्रभावी विनिमय दर (Nominal Effective Exchange Rate (NEER) में वृद्धि रुपए की मूल्यवृद्धि को दर्शाता है।**
2. **An increase in the Real Effective Exchange Rate (REER) indicates an improvement in trade competitiveness.**
**वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (Real Effective Exchange Rate (REER) में वृद्धि व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार को दर्शाता है।**
3. **An increasing trend in domestic inflation relative to inflation in other countries is likely to cause an increasing divergence between NEER and REER.**
**अन्य देशों में मुद्रास्फीति के सापेक्ष घरेलू मुद्रास्फीति में बढ़ने की प्रवृत्ति NEER और REER के बीच में वर्धमान अपसरण उत्पन्न कर सकता है।**

**Which of the above statements are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं ?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (c) :** अंकित प्रभावी विनिमय दर (NEER), देश के मुद्रा मूल्य को तुलना अपने प्रमुख व्यापारिक भागीदारों की मुद्राओं के भारित औसत के विरुद्ध करती है। अंकित विनिमय दर में वृद्धि रुपये की मूल्य वृद्धि को दर्शाती है।

- अंकित प्रभावी विनिमय दर किसी राष्ट्र की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा का अपने व्यापारिक भागीदारों के साथ तुलना का इंडीकेटर है।
- यह सिद्धांत प्रत्येक व्यापारिक भागीदार देश के भारांक को अपने देश के महत्व के अनुसार मापता है।
- बढ़ती हुई वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (REER) यह दर्शाती है कि देश अपनी प्रतिस्पर्धा में नीचे जा रहा है।
- अन्य देशों में मुद्रास्फीति के सापेक्ष घरेलू मुद्रास्फीति में बढ़ने की प्रवृत्ति अंकित प्रभावी विनिमय दर और वास्तविक प्रभावी विनिमय दर के बीच में वर्धमान अपसरण (divergence) उत्पन्न कर सकता है।

**3. With reference to the Indian economy, consider the following statements:**
**भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **If the inflation is too high, Reserve Bank of India (RBI) is likely to buy government securities.**
**यदि मुद्रास्फीति अत्यधिक है, तो भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) सम्भावित रूप से सरकारी प्रतिभूतियाँ खरीद सकता है।**
2. **If the rupee is rapidly depreciating, RBI is likely to sell dollars in the market.**
**यदि रुपए का तेजी से मूल्यह्रास हो रहा है, तो RBI बाजार में डॉलरों का सम्भावित रूप से विक्रय कर सकता है।**
3. **If interest rates in the USA or European Union were to fall, that is likely to induce RBI to buy dollars.**
**यदि USA या यूरोपीय संघ में ब्याज दरें गिरती होतीं, तो इससे सम्भावित रूप से RBI की डॉलरों की खरीद प्रेरित हो सकती है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं ?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3


Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3

(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (b) :** यदि मुद्रास्फीति अधिक है तो भारतीय रिजर्व बैंक परिमाणात्मक और गुणात्मक दोनों तरीके अपनाता है। परिमाणात्मक तरीके में खुले बाजार की क्रिया का प्रयोग चलन में तरलता को डालने और निकालने के लिए करता है। मुद्रास्फीति की स्थिति में भारतीय रिजर्व बैंक सरकारी प्रतिभूतियों का विक्रय करता है। अतः कथन (1) असत्य है। दूसरी ओर अगर रूपये का तेजी से मूल्यह्रास हो रहा है तो भारतीय रिजर्व बैंक बाजार में डॉलरों का सम्भावित रूप से विक्रय कर सकता है जिससे रूपये के मूल्यह्रास में कमी आती है। अतः कथन (2) सत्य है। USA या यूरोपीय संघ आदि में ब्याज दरें गिरती होती, तो इससे सम्भावित रूप से भारतीय रिजर्व बैंक की डॉलरों की खरीद प्रेरित हो सकती है। अतः कथन (3) भी सत्य है।

**4. With reference to the "G20 Common Framework", consider the following statements:**
**"G20 कॉमन फ्रेमवर्क" के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**1. It is an initiative endorsed by the G20 together with the Paris Club.**
**यह G20 और उसके साथ पेरिस क्लब द्वारा समर्थित पहल है।**

**2. It is an initiative to support Low Income countries with unsustainable debt.**
**यह अधारणीय ऋण वाले निम्न आय देशों को सहायता देने की पहल है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1

(b) 2 only/केवल 2

(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों

(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans. (c) :** ऋण सेवा निलंबन पहल (DSSI) (Common Framework) से परे ऋण उपचार के लिए सामान्य ढांचा पेरिस क्लब के साथ मिलकर G20 द्वारा समर्थित एक पहल है। यह संरचनात्मक तरीके से कम आय वाले देशों को अधारणीय ऋण के साथ सहायता की एक पहल है।

**5. With reference to the Indian economy, what are the advantages of "Inflation-Indexed Bonds (IIBs)"?**
**भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में, ''मुद्रास्फीति-सहलग्न बॉन्ड (Inflation-Indexed Bonds (IIBs)'' के क्या लाभ हैं ?**

**1. Government can reduce the coupon rates on its borrowing by way of IIBs.**
**सरकार IIBs के रूप में अपने ऋणग्रहण पर कूपन दरों को कम कर सकती है।**

**2. IIBs provide protection to the investors from uncertainty regarding inflation.**
**IIBs निवेशकों को मुद्रास्फीति के बारे में अनिश्चितता से सुरक्षा प्रदान करते हैं।**

**3. The interest received as well as capital gains on IIBs are not taxable.**
**IIBs पर प्राप्त ब्याज और साथ ही साथ पूँजीगत लाभ कर-योग्य नहीं होते।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं ?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2

(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3

(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3

(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (a) :** भारतीय अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति- सहलग्न बॉन्ड (IIBs) को निवेशकों को मुद्रास्फीति से सुरक्षा प्रदान करने के लिए जारी किया जाता है।
इस बॉन्ड में मूलधन और ब्याज दोनों पर मुद्रास्फीति सुरक्षा प्राप्त होती है। इसमें सरकार IIBs के रुप में अपने ऋणग्रहण पर कूपन दरों को कम कर सकती है। साथ ही साथ इस बॉन्ड द्वारा प्राप्त ब्याज और पूंजीगत लाभ कर-योग्य होते हैं। वैश्विक स्तर पर IIBs पहली बार 1981 में यूनाइटेड किंगडम में जारी किए गए थे। भारत में, भारत सरकार द्वारा जून, 2013 में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से IIBs (WPI से सम्बद्ध) जारी किया गया।

**6. With reference to foreign-owned e-commerce firms operating in India, which of the following statements is/are correct?/भारत में कार्य कर रही विदेशी-स्वामित्व की e-वाणिज्य फर्मों के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?**

**1. They can sell their own goods in addition to offering their platforms as market-places./अपने प्लेटफॉर्मों को बाजार-स्थान के रूप में प्रस्तुत करने के अतिरिक्त वे स्वयं अपने माल का विक्रय भी कर सकते हैं।**

**2. The degree to which they can own big sellers on their platforms is limited.**
**वे अपने प्लेटफॉर्मों पर किस अंश तक बड़े विक्रेताओं को स्वीकार कर सकते हैं, यह सीमित है।**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only/केवल 1

(b) 2 only/केवल 2

(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों

(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans. (d) :** 31 जनवरी, 2019 को विदेशी मुद्रा प्रबंधन (भारत के बाहर के निवासी व्यक्ति द्वारा प्रतिभूति का स्थानांतरण या निर्गम) (संशोधन) विनियम, 2019 के सम्बन्ध में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, भारत में कार्य कर रही विदेशी स्वामित्व की ई-वाणिज्य फर्म अपने प्लेटफार्मों को बाजार-स्थान (Marketplace) के रूप में प्रस्तुत करने के अतिरिक्त वे स्वयं के माल का विक्रय नहीं कर सकते हैं। अतः कथन (1) असत्य है। इसी अधिसूचना के अनुसार ई-कॉमर्स प्लेटफार्म में कोई विक्रेता 25% तक खरीद को स्वीकार कर सकता है और यह सीमित है। अतः कथन (2) भी असत्य है। ई-कॉमर्स पर एफ डी आई नीति का उद्देश्य सभी घरेलू और विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए समान अवसर प्रदान करना और विदेशी स्वामित्व वाली ई-कॉमर्स कंपनियों को घरेलू कंपनियों पर अनुचित लाभ लेने से रोकना है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**7. Which of the following activities constitute real sector in the economy?**
**निम्नलिखित में कौन-कौन से कार्यकलाप अर्थव्यवस्था में वास्तविक क्षेत्रक (रियल सेक्टर) का निर्माण करते हैं?**

**1. Farmers harvesting their crops**
**किसानों का अपनी फसलें काटना**

**2. Textile mills converting raw cotton into fabrics**
**कपड़ा मिलों का कच्चे माल कपास को कपड़े में बदलना**

**3. A commercial bank lending money to a trading company**
**किसी वाणिज्यिक बैंक का किसी व्यापारी कंपनी को धनराशि उधार देना**

**4. A corporate body issuing Rupee Denominated Bonds overseas**
**किसी कॉर्पोरेट निकाय का विदेश में रुपया-अंकित मूल्य के बॉन्ड जारी करना**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2, 3 and 4 only/केवल 2, 3 और 4
(c) 1, 3 and 4 only/केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4/1, 2, 3, और 4

**Ans. (a) :** घरेलू अर्थव्यवस्था के तीन क्षेत्र हैं–(i) सामान्य सरकारी क्षेत्र (ii) वास्तविक क्षेत्र तथा (ii) वित्तीय क्षेत्र।
अर्थव्यवस्था के वास्तविक क्षेत्र (Real Sector) में उद्यमों (गैर-वित्तीय निगमों), घरों और परिवारों की सेवा करने वाले गैर लाभकारी संस्थाएं शामिल हैं। गैर-वित्तीय संगठनों में बाजार की वस्तुओं और गैर-वित्तीय सेवाओं के उत्पादन में शामिल सभी निवासी इकाइयां (Resident Units) शामिल हैं। बाजार की वस्तुएं और सेवाएं वे वस्तुएं एवं सेवाएं हैं जो बाजार कीमतों पर बेची जाती हैं।
घरेलू (Households) क्षेत्र में सभी निवासी परिवार शामिल हैं। जो व्यक्ति अपने अंतिम उपभोग के लिए या बाजार में बिक्री के लिए वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में संलग्न हैं, वे भी घरेलू क्षेत्र से सम्बन्धित हैं। आय के स्रोतों से घरेलू क्षेत्र को 4 उप-क्षेत्रों में विभाजित किया गया है–जैसे–स्वरोजगार या उद्यमी (नियोक्ता), कर्मचारी, संपत्ति और हस्तांतरण आय के प्राप्तकर्ता, स्वयं के खाते के कार्यकर्ता।
वास्तविक क्षेत्र के घरेलू क्षेत्र में परिवार वे व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह हैं, जो –
– समान रहने की जगह साझा करें,
– अपने कुछ या सभी संसाधनों, आय और धन को एकत्रित करें
– उत्पादन गतिविधि में संलग्न हो सकते हैं।
इस प्रकार स्पष्ट है कि कथन 1 और कथन 2 सही हैं।

**8. Which one of the following situations best reflects "Indirect Transfers" often talked about in media recently with reference to India?**
**भारत के सन्दर्भ में हाल ही में जनसंचार-माध्यमों में अक्सर चर्चित ''अप्रत्यक्ष अंतरण'' को निम्नलिखित में कौन-सी एक स्थिति सर्वोत्तम रूप से प्रतिबिंबित करती है?**

(a) An Indian company investing in a foreign enterprise and paying taxes to the foreign country on the profits arising out of its investment/कोई भारतीय कंपनी, जिसने किसी विदेशी उद्यम में निवेश किया हो और अपने निवेश पर मिलने वाले लाभ पर उस बाहरी देश को कर अदा करती हो
(b) A foreign company investing in India and paying taxes to the country of its base on the profits arising out of its investment/कोई विदेशी कंपनी, जिसने भारत में निवेश किया हो और अपने निवेश से मिलने वाले लाभ पर अपने आधारभूत देश को कर अदा करती हो
(c) An Indian company purchases tangible assets in a foreign country and sells such assets after their value increases and transfers the proceeds to India/कोई भारतीय कंपनी, जो किसी बाहरी देश में मूर्त संपत्ति खरीदती है और उनका मूल्य बढ़ने पर उन्हें बेच देती है तथा प्राप्ति को भारत में अंतरित कर देती है
(d) A foreign company transfers shares and such shares derive their substantial value from assets located in India/कोई विदेशी कंपनी शेयर अंतरित करती है और ऐसे शेयर भारत में स्थित परिसंपत्तियों से अपना वस्तुगत मूल्य व्युत्पन्न करते हैं।

**Ans. (d) :** अप्रत्यक्ष अंतरण को सर्वोत्तम रूप से इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है कि जब कोई विदेशी कंपनी शेयर अंतरित करती है और ऐसे शेयर भारत में स्थित परिसंपत्तियों से अपना वस्तुगत मूल्य व्युत्पन्न करते हैं। यदि निवेशक कंपनी में कुल विदेशी निवेश है तथा निवासी भारतीय नागरिकों के पास जिसका स्वामित्व तथा नियंत्रण नहीं है अथवा उसका स्वामित्व तथा नियंत्रण भारत के बाहर निवास करने वाले व्यक्तियों के पास है तो, निवेश प्राप्तकर्ता कंपनी के लिए ऐसे निवेश 'अप्रत्यक्ष विदेशी निवेश' होंगे।

**9. With reference to the expenditure made by an organisation or a company, which of the following statements is/are correct?**
**किसी संगठन या कंपनी द्वारा किए गए व्यय के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

**1. Acquiring new technology is capital expenditure.**
**नई प्रौद्योगिकी प्राप्त करना पूँजीगत व्यय है।**

**2. Debt financing is considered capital expenditure, while equity financing is considered revenue expenditure.**
**ऋण वित्तीयन को पूँजीगत व्यय माना जाता है, जबकि ईक्विटी वित्तीयन को राजस्व व्यय माना जाता है।**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Ans. (a) :** किसी आर्थिक इकाई में व्यय को दो भागों में बाँट कर खाते (Accounts) में डाला जाता है जिसमें पहला व्यय पूंजीगत व्यय तथा दूसरा व्यय राजस्व व्यय है। आर्थिक इकाई, संगठन, कंपनी या सरकार की परिसंपत्तियों में वृद्धि करने वाले व्यय को पूंजीगत व्यय माना जाता है जैसे- नई प्रौद्योगिकी प्राप्त करना, कोई नई मशीन लगाना, किसी सम्पत्ति की मरम्मत करना आदि। ये दीर्घकालीन प्रकृति के होते हैं। राजस्व व्यय से कंपनी की परिसंपत्तियों में कोई वृद्धि नहीं होती है। जैसे- वेतन, पेंशन आदि। साथ ही साथ इनसे कंपनी की आय का सृजन नहीं होता है। ईक्विटी वित्तीयन से कंपनी की आय का सृजन होता है। अतः कथन (2) असत्य है।

**10. With reference to the Indian economy, consider the following statements:**
**भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **A share of the household financial savings goes towards government borrowings.**
**घरेलू वित्तीय बचत का एक भाग सरकारी ऋणग्रहण के लिए जाता है।**
2. **Dated securities issued at market-related rates in auctions form a large component of internal debt.**
**नीलामी में बाजार-संबंधित दरों पर जारी दिनांकित प्रतिभूतियाँ, आंतरिक ऋण का एक बड़ा घटक होती हैं।**

**Which of the above statements is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans. (c) :** समग्र घरेलू बचत में निम्नलिखित मदें शामिल होते हैं-

- बैंको में जमा धन
- प्रोविडेंट फण्ड
- पेंशन योजना
- शेयर
- बीमा

उपर्युक्त घरेलू वित्तीय बचत का एक भाग सरकारी ऋणग्रहण के लिए किया जाता है। ये बचत रोजगार, अवसंरचना और अर्थव्यवस्था के विकास के लिए आवश्यक है। नीलामी में बाजार संबंधित दरों पर जारी दिनांकित प्रतिभूतियाँ आंतरिक ऋण का एक बड़ा घटक होती है।

**11. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **Pursuant to the report of H.N. Sanyal Committee, the Contempt of Courts Act, 1971 was passed.**
**एच.एन. सान्याल समिति की रिपोर्ट के अनुसरण में, न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 पारित किया गया था।**
2. **The Constitution of India empowers the Supreme Court and the High Courts to punish for contempt of themselves.**
**भारत का संविधान उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों को, अपनी अवमानना के लिए दंड देने हेतु, शक्ति प्रदान करता है।**
3. **The Constitution of India defines Civil Contempt and Criminal Contempt.**
**भारत का संविधान सिविल अवमानना और आपराधिक अवमानना को परिभाषित करता है।**
4. **In India, the Parliament is vested with the powers to make laws on Contempt of Court.**
**भारत में, न्यायालय की अवमानना के विषय में कानून बनाने के लिए संसद में शक्ति निहित है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 1, 2 and 4/1, 2 और 4
(c) 3 and 4 only/केवल 3 और 4
(d) 3 only/केवल 3

**Ans. (b) :** वर्ष 1963 ई. में एच.एन. सान्याल समिति की रिपोर्ट के अनुसरण में न्यायालय अवमानना अधिनियम, 1971 पारित किया गया था।

- भारत के संविधान में अनु. 19(2), 129 (उच्चतम न्यायालय) व 215 (उच्च न्यायालय) के अन्तर्गत न्यायालयों को अवमानना हेतु दंड देने की शक्ति प्रदान की गयी है।
- भारत की संसद को न्यायालय की अवमानना के संदर्भ में कानून बनाने की शक्ति प्राप्त है।

**12. With reference to India, consider the following statements:**
**भारत के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **Government law officers and legal firms are recognised as advocates, but corporate lawyers and patent attorneys are excluded from recognition as advocates.**
**सरकारी विधि अधिकारी और विधिक फर्म अधिवक्ता के रूप में मान्यता-प्राप्त हैं, किन्तु कॉर्पोरेट वकील और पेटेंट न्यायवादी अधिवक्ता की मान्यता से बाहर रखे गए हैं।**
2. **Bar Councils have the power to lay down the rules relating to legal education and recognition of law colleges.**
**विधिज्ञ परिषदों (बार कौंसिलों) को विधिक शिक्षा और विधि महाविद्यालयों की मान्यता के बारे में नियम अधिकथित करने की शक्ति है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans. (b) :** अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के अनुसार सरकारी विधि अधिकारी व विधिक फर्म अधिवक्ता के रूप में मान्यता प्राप्त हैं, जबकि कार्पोरेट वकील व पेटेंट न्यायवादी को अधिवक्ता की मान्यता से बाहर नहीं रखा गया है।

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

- अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के अनुसार विधिज्ञ परिषदों (Bar Councils) को विधि महाविद्यालयों के लिये न्यूनतम अर्हता बनाने व विधिक शिक्षा व विधि महाविद्यालयों की मान्यता के संबंध में नियम अधिकथित करने की शक्ति है।

**13. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. **A bill amending the Constitution requires a prior recommendation of the President of India. किसी संविधान संशोधन विधेयक को भारत के राष्ट्रपति की पूर्व सिफारिश की अपेक्षा होती है।**
2. **When a Constitution Amendment Bill is presented to the President of India, it is obligatory for the President of India to give his/her assent.**
**जब कोई संविधान संशोधन विधेयक भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, तो भारत के राष्ट्रपति के लिए यह बाध्यकार है कि वे अपनी अनुमति दें।**
3. **A Constitution Amendment Bill must be passed by both the Lok Sabha and the Rajya Sabha by a special majority and there is no provision for joint sitting.**
**संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य सभा दोनों द्वारा विशेष बहुमत से पारित होना ही चाहिए और इसके लिए संयुक्त बैठक का कोई उपबंध नहीं है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं ?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (b) :** संविधान के अनुच्छेद 368 में संविधान संबंधी प्रावधानों का वर्णन किया गया है।

- अनु. 368 (1) के अनुसार संसद संविधान के किसी उपबंध का परिवर्धन, परिवर्तन या निरसन के रूप में संशोधन अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार कर सकेगी।
- अनु. 368(2) के अनुसार संविधान संशोधन का आरंभ किसी सदन में विधेयक पुरःस्थापित करके ही किया जा सकेगा।
- अनु. 368(2) के अनुसार विधेयक प्रत्येक सदन में उस सदन की कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा तथा उस सदन के उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के कम से कम दो-तिहाई बहुमत द्वारा पारित किया जाना चाहिए।
- पारित होने के पश्चात् राष्ट्रपति के समक्ष विधेयक प्रस्तुत किया जा सकेगा तथा उसकी अनुमति पर संशोधन मान्य होगा। 24वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1971 के अनुसार संसद द्वारा बहुमत से पारित संविधान संशोधन विधेयक पर अनुमति हेतु राष्ट्रपति पर बाध्यता प्रभावी होती है।

**14. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **The Constitution of India classifies the ministers, into four ranks viz. Cabinet Minister, Minister of State with Independent Charge, Minister of State and Deputy Minister.**
**भारत का संविधान मंत्रियों को चार श्रेणियों, अर्थात् कैबिनेट मंत्री, स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री, राज्यमंत्री और उपमंत्री, में वर्गीकृत करता है।**
2. **The total number of ministers in the Union Government, including the Prime Minister, shall not exceed 15 percent of the total number of members in the Lok Sabha.**
**संघ सरकार में मंत्रियों की कुल संख्या, प्रधान मंत्री को मिलाकर, लोकसभा के कुल सदस्यों के 15% से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans. (b) :** भारत के संविधान में अनु. 74 व 75 के अन्तर्गत मंत्रि-परिषद् का वर्णन किया गया है। मंत्रियों की श्रेणियों का वर्गीकरण संसदीय व्यवस्था (विधिक मंजूरी) के अन्तर्गत किया गया है न कि संविधान द्वारा।

- 91वें संविधान संशोधन अधिनियम 2003 के अनुसार प्रावधान किया गया कि संघ की मंत्रिपरिषद् में मंत्रियों की कुल संख्या प्रधानमंत्री को शामिल करके लोकसभा के कुल सदस्यों के 15% से अधिक नहीं होगी।

**15. Which of the following is/are the exclusive power(s) of Lok Sabha?**
**निम्नलिखित में कौन-सी लोक सभा की अनन्य शक्ति(याँ) है/हैं ?**

1. **To ratify the declaration of Emergency**
**आपात की उद्घोषणा का अनुसमर्थन करना**
2. **To pass a motion of no-confidence against the Council of Ministers**
**मंत्रिपरिषद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित करना**
3. **To impeach the President of India**
**भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाना**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2/1 और 2
(b) 2 only/केवल 2
(c) 1 and 3/1 और 3
(d) 3 only/केवल 3

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Ans. (b) :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352(4) के अनुसार, अनुच्छेद 352(1) के अधीन की गई आपात की उद्घोषणा, संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष एक मास के भीतर अनुसमर्थन के लिए रखी जाएगी। यदि संसद के दोनों सदनों के संकल्पों द्वारा उसका अनुमोदन नहीं कर दिया जाता है तो एक मास की समाप्ति पर वह प्रवर्तन में नहीं रहेगी। अतः स्पष्ट है कि आपात उद्घोषणा के अनुसमर्थन में संसद के दोनों सदनों की भूमिका है, न कि केवल लोकसभा की। अतः कथन 1 लोकसभा की अनन्य शक्ति नहीं है।

अनुच्छेद 75(3) के अनुसार मंत्रिपरिषद, लोकसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होती है। अतः मंत्रिपरिषद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित करना लोकसभा की अनन्य शक्ति है।

इसके अतिरिक्त अनुच्छेद 61(1) के अनुसार जब संविधान के अतिक्रमण के लिए राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाना हो, तब संसद का कोई सदन आरोप लगाएगा। अनु. 61(3) के अनुसार, जब आरोप संसद के किसी सदन द्वारा इस प्रकार लगाया गया है, तब दूसरा सदन उस आरोप का अन्वेषण करेगा या कराएगा और ऐसे अन्वेषण में उपस्थित होने का तथा अपना प्रतिनिधित्व कराने का राष्ट्रपति को अधिकार होगा। स्पष्ट है कि भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाना लोकसभा की अनन्य शक्ति नहीं है।

**16. With reference to anti-defection law in India, consider the following statements:**
**भारत में दल-बदल विरोधी कानून के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **The law specifies that a nominated legislator cannot join any political party within six months of being appointed to the House.**
   **यह कानून विनिर्दिष्ट करता है कि कोई नामनिर्दिष्ट विधायक सदन में नियुक्त होने के छह मास के अन्दर किसी राजनीतिक दल में शामिल नहीं हो सकता।**
2. **The law does not provide any time-frame within which the presiding officer has to decide a defection case.**
   **यह कानून कोई समयावधि नहीं देता जिसके अन्दर पीठासीन अधिकारी को दल-बदल मामला विनिश्चित करना होता है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans. (b) :** 52वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1985 द्वारा दल परिवर्तन के आधार पर सांसदों व विधायकों की निर्हरता संबंधी प्रावधान किये गये। इसके लिये संविधान में 10वीं अनुसूची जोड़ी गई।

- दसवीं अनुसूची के खंड (2) के उपखण्ड (3) के अनुसार सदन का कोई नाम निर्देशित सदस्य निरर्हित माना जायेगा यदि वह पद ग्रहण की तिथि से छः माह के पश्चात् किसी राजनीतिक दल में सम्मिलित होता है। अतः कथन (1) गलत है।
- दसवीं अनुसूची के खंड (6) के उपखण्ड (1) के अनुसार सदन के सदस्य की निर्हरता संबंधी प्रश्न का विनिश्चय सदन के अध्यक्ष/सभापति द्वारा किया जायेगा, परंतु पीठासीन अधिकारी द्वारा मामले के विनिश्चय हेतु समयावधि का प्रावधान इसमें नहीं है। अतः कथन (2) सही है।

**17. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **Attorney General of India and Solicitor General of India are the only officers of the Government who are allowed to participate in the meetings of the Parliament of India.**
   **भारत का महान्यायवादी और भारत का सॉलिसिटर जनरल ही सरकार के एकमात्र अधिकारी हैं जिन्हें भारत की संसद की बैठकों में भाग लेने की अनुमति है।**
2. **According to the Constitution of India, the Attorney General of India submits his resignation when the Government which appointed him resigns.**
   **भारत के संविधान के अनुसार, भारत का महान्यायवादी अपना त्यागपत्र दे देता है, जब वह सरकार जिसने उसको नियुक्त किया था, इस्तीफा देती है।**

**Which of the statement given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans. (d) :** भारत के संविधान के अनुच्छेद 88 के अनुसार भारत का महान्यायवादी संसद के किसी भी सदन, सदनों की किसी संयुक्त बैठक में और संसद की किसी समिति में, जिसमें उसका नाम सदस्य के रूप में दिया गया है, भाग ले सकता है व बोल सकता है, हालांकि उसे मतदान का अधिकार नहीं होगा। वहीं भारत का सॉलिसिटर जनरल, भारत के महान्यायवादी के दायित्वों के निर्वहन में सहयोग प्रदान करता है। सालिसिटर जनरल को संसद की बैठकों में भाग लेने की अनुमति नहीं है। अतः कथन 1 गलत है।

- संविधान में महान्यायवादी के कार्यकाल व पद से हटाने की मूल व्यवस्था का उल्लेख नहीं है। अनु. 76(4) के अनुसार वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पद धारण करता है। अर्थात् राष्ट्रपति उसे कभी भी पद से हटा सकता है। परंपरानुसार मंत्रिपरिषद् के त्यागपत्र देने पर या बदलने पर महान्यायवादी त्यागपत्र देता है, क्योंकि उसकी नियुक्ति सरकार की सिफारिश पर की जाती है। अतः कथन 2 भी गलत है।

**18. With reference to the writs issued by the Courts in India consider the following statements:**
**भारत के न्यायालयों द्वारा जारी रिटों के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **Mandamus will not lie against a private organization unless it is entrusted with a public duty.**
   **किसी प्राइवेट संगठन के विरुद्ध, जब तक कि उसको कोई सार्वजनिक कार्य नहीं सौंपा गया हो, परमादेश (मैंडमस) नहीं होगा।**

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

2. **Mandamus will not lie against a company even though it may be a Government Company.**
**किसी कंपनी के विरुद्ध, भले ही वह कोई सरकारी कंपनी हो, परमादेश (मैंडेमस) नहीं होगा।**
3. **Any public minded person can be a petitioner to move the Court to obtain the writ of Quo Warranto.**
**कोई भी लोक-प्रवण व्यक्ति (पब्लिक माइंडेड परसन) अधिकार-पृच्छा (क्वो वारंटो) रिट प्राप्त करने हेतु न्यायालय में समावेदन करने के लिए याची (पिटीशनर) हो सकता है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं ?**
(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (d) :** संविधान द्वारा उच्चतम न्यायालय (अनु. 32) व उच्च न्यायालय (अनु. 226) को रिट जारी करने की शक्ति प्रदान की गयी है।
- परमादेश का शाब्दिक अर्थ है- ''हम आदेश देते हैं'' (We Command)। परमादेश निजी व्यक्तियों या इकाई के विरुद्ध जारी नहीं किया जा सकता जब तक कि उसे सार्वजनिक कार्य न सौंपा गया हो।
- न्यायालय द्वारा सार्वजनिक अधिकारियों, सार्वजनिक इकाई, निगम, निचले न्यायालय, प्राधिकरणों या सरकार के खिलाफ परमादेश जारी किया जा सकता है।
- अधिकार पृच्छा का संदर्भित अर्थ है ''किस प्राधिकार या वारंट के द्वारा'' इसे न्यायालय द्वारा किसी सार्वजनिक पद धारित करने वाले व्यक्ति या प्राधिकारी से यह पूछती है कि उसने किस अधिकार के तहत उक्त पद को धारित किया हुआ है? अधिकार पृच्छा एक ऐसी रिट है, जिसे कोई भी व्यक्ति दायर कर सकता है, भले ही वह प्रत्यक्ष रूप से पीड़ित पक्षकार नहीं है।

19. **With reference to Ayushman Bharat Digital Mission, consider the following statements:**
**आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
1. **Private and public hospitals must adopt it.**
**प्राइवेट अस्पतालों और सरकारी अस्पतालों को इसे अवश्य अपनाना चाहिए।**
2. **As it aims to achieve universal health coverage, every citizen of India should be part of it ultimately.**
**चूँकि इसका लक्ष्य स्वास्थ्य की सर्वजनीन व्याप्ति है, अंततोगत्वा भारत के हर नागरिक को इसका हिस्सा हो जाना चाहिए।**
3. **It has seamless portability across the country.**
**यह पूरे देश में निर्बाध रूप से लागू किया जा सकता है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 3 only/केवल 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (b) :** कथन एक गलत है क्योंकि- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को आवश्यक रूप से अपनाने के लिए प्राइवेट व सरकारी अस्पताल बाध्य नहीं है।
कथन दो गलत है क्योंकि- आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को सुलभ बनाना है, लेकिन इसमें सभी भारतीय नागरिक हिस्सा बनें ऐसा कोई मेंडेट नहीं है।
अतः कथन 3 सही है।

20. **With reference to Deputy Speaker of Lok Sabha, consider the following statements:**
**लोकसभा के उपाध्यक्ष के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
1. **As per the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, the election of Deputy Speaker shall be held on such date as the Speaker may fix.**
**लोकसभा के कार्य-पद्धति और कार्य-संचालन नियमों के अनुसार, उपाध्यक्ष का निर्वाचन उस तारीख को होगा जो अध्यक्ष नियत करे।**
2. **There is a mandatory provision that the election of a candidate as Deputy Speaker of Lok Sabha shall be from either the principal opposition party or the ruling party.**
**यह आज्ञापक उपबंध है कि लोकसभा के उपाध्यक्ष के रूप में किसी प्रतियोगी का निर्वाचन या तो मुख्य विपक्षी दल से, या शासक दल से, होगा।**
3. **The Deputy Speaker has the same power as of the Speaker when presiding over the sitting of the House and no appeal lies against his rulings.**
**सदन की बैठक की अध्यक्षता करते समय उपाध्यक्ष की शक्ति वैसी ही होती है जैसी कि अध्यक्ष की, और उसके विनिर्णयों के विरुद्ध कोई अपील नहीं हो सकती।**
4. **The well established parliamentary practice regarding the appointment of Deputy Speaker is that the motion is moved by the Speaker and duly seconded by the Prime Minister.**
**उपाध्यक्ष की नियुक्ति के बारे में सुस्थापित संसदीय पद्धति यह है कि प्रस्ताव अध्यक्ष द्वारा रखा जाता है और प्रधानमंत्री द्वारा विधिवत समर्थित होता है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं ?**
(a) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(b) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(c) 3 and 4 only/केवल 3 और 4
(d) 2 and 4 only/केवल 2 और 4

**Ans. (a) :** अनुच्छेद 93 के अंतर्गत लोकसभा अध्यक्ष तथा लोकसभा उपाध्यक्ष के चनाव का प्रावधान किया गया है। ये लोकसभा के सदस्यों के द्वारा चुने जाते हैं अध्यक्ष के चुने जाने के

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

बाद उपाध्यक्ष को चुना जाता है। लोक सभा के कार्य संचालन नियमों के अनुसार, उपाध्यक्ष के चुनाव की तारीख अध्यक्ष निर्धारित करता है। अध्यक्ष का पद रिक्त होने पर तथा सदन की बैठक में अध्यक्ष की अनुपस्थिति की दशा में उपाध्यक्ष, अध्यक्ष के तौर पर काम करता है। दोनों ही स्थितियों में वह अध्यक्ष की शक्ति का निर्वहन करता है। यह परंपरा के तहत है कि लोकसभा के उपाध्यक्ष का निर्वाचन मुख्य विपक्षी दल से होता है। इसके लिए कोई बाध्यकारी प्रावधान नहीं है। अतः कथन 2 गलत है। इसके अलावा ऐसी कोई सुस्थापित संसदीय पद्धति नहीं है कि उपाध्यक्ष की नियुक्ति के बारे में प्रस्ताव अध्यक्ष द्वारा रखा जाता है और प्रधानमंत्री द्वारा समर्थित किया जाता है। अतः कथन 4 गलत है।

**21. Among the following crops, which one is the most important anthropogenic source of both methane and nitrous oxide?**
**निम्नलिखित फसलों में कौन-सी एक, मेथेन और नाइट्रस ऑक्साइड दोनों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानवोद्भवी स्रोत है ?**

(a) Cotton/कपास (b) Rice/धान
(c) Sugarcane/गन्ना (d) Wheat/गेहूँ

**Ans. (b) :** धान के खेत मेथेन और नाइट्रस ऑक्साइड दोनों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानवोद्भवी स्रोत हैं, जिन्हें पिछले 20 वर्षों में तापमान वृद्धि के लिए $CO_2$ से 80 गुना अधिक शक्तिशाली माना गया है।

**22. "System of Rice Intensification" of cultivation, in which alternate wetting and drying of rice fields is practised, results in:**
**कृषि की ''धान गहनता प्रणाली'' का, जिसमें धान के खेतों का बारी-बारी से क्लेदन और शुष्कन किया जाता है, क्या परिणाम होता है?**

**1. Reduced seed requirement**
**बीज की कम आवश्यकता**
**2. Reduced methane production**
**मेथेन का कम उत्पादन**
**3. Reduced electricity consumption**
**बिजली की कम खपत**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (d) :** धान गहनता प्रणाली धान की खेती की नयी तकनीक है। इस तकनीक का कोई स्थायी और निर्धारित प्रारूप नहीं है। इसमें नई-नई तकनीकों का प्रयोग किया जाता है, जिससे ये परम्परागत तकनीक की तुलना में कम संसाधनों का प्रयोग करके अधिक उत्पादन प्रदान कर सकें। इस तकनीक में परम्परागत तकनीक की तुलना में 10 गुना कम बीज की आवश्यकता होती है। इसमें खेतों की बारी-बारी से सिंचाई और शुष्कन किया जाता है जिससे परम्परागत तकनीक की तुलना में कम सिंचाई की आवश्यकता होती है जिसके फलस्वरूप बिजली की बचत होती है। इस तकनीक में धान के पौधे हमेशा पानी में डूबे नहीं रहते हैं, जिससे मेथेन का उत्पादन भी कम होता है। इस प्रणाली का उपयोग सर्वप्रथम मेडागास्कर में 1980 में किया गया था।

**23. Which one of the following lakes of West Africa has become dry and turned into a desert?**
**पश्चिम अफ्रीका की निम्नलिखित झीलों में कौन-सी एक, सूख कर मरूस्थल में बदल गई है?**

(a) Lake Victoria/लेक विक्टोरिया
(b) Lake Faguibine/लेक फागुबिन
(c) Lake Oguta/लेक ओगुटा
(d) Lake Volta/लेक वोल्टा

**Ans. (b) :** फागुबिन झील उत्तरी माली में स्थित है, जो 1970 के दशक में सूखकर एक मरूस्थल में बन गई है। वर्ष 2008 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा इस झील को पुर्नजीवित करने की परियोजना चलाई गई।

**24. Gandikota canyon of South India was created by which one of the following rivers?**
**दक्षिण भारत की गंडिकोटा घाटी (कैन्यन) निम्नलिखित नदियों मे से किस एक से निर्मित हुई है?**

(a) Cauvery/कावेरी
(b) Manjira/मंजिरा
(c) Pennar/पेन्नार
(d) Tungabhadra/तुंगभद्रा

**Ans. (c) :** दक्षिण भारत की गंडिकोटा घाटी पेन्नार नदी से निर्मित हुई है। यह आन्ध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में स्थित है।

**25. Consider the following pairs:**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :**

| | Peak<br>शिखर | | Mountains<br>पर्वत |
|---|---|---|---|
| 1. | Namcha Barwa<br>नामचा बरवा | - | Garhwal Himalaya<br>गढ़वाल हिमालय |
| 2. | Nanda Devi<br>नंदा देवी | - | Kumaon Himalaya<br>कुमाऊँ हिमालय |
| 3. | Nokrek<br>नोकरेक | - | Sikkim Himalaya<br>सिक्किम हिमालय |

**Which of the pairs given above is/are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) 1 and 2/1 और 2 (b) 2 only/केवल 2
(c) 1 and 3/1 और 3 (d) 3 only/केवल 3

**Ans. (b) :** सही सुमेलित है–

| शिखर | पर्वत |
|---|---|
| 1. नामचा बरवा | - नेपाल हिमालय |
| 2. नंदा देवी | - कुमाऊँ हिमालय |
| 3. नोकरेक | - गारो पहाड़ियाँ |

**26. The term "Levant" often heard in the news roughly corresponds to which of the following regions?**
**अक्सर समाचारों में सुनाई देने वाला शब्द ''लिवेंट'' मोटे तौर पर निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संगत है?**

(a) Region along the eastern Mediterranean shores/पूर्वी भूमध्यसागरीय तट के पास का क्षेत्र
(b) Region along North African shores stretching from Egypt to Morocco/उत्तरी अफ्रीकी तट के पास का मिस्र से मोरक्को तक फैला क्षेत्र

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

(c) Region along Persian Gulf and Horn of Africa/फारस की खाड़ी और अफ्रीका के शृंग (हॉर्न ऑफ अफ्रीका) के पास का क्षेत्र
(d) The entire coastal areas of Mediterranean Sea/भूमध्य सागर के सम्पूर्ण तटवर्ती क्षेत्र

**Ans. (a) :** लिवैंट शब्द पूर्वी भूमध्यसागरीय तट के पास के क्षेत्र के लिए प्रयोग किया जाता है। यह सीरिया पर केंद्रित है लेकिन लेबनान, जार्डन, इजराइल, फिलिस्तीन, साइप्रस और दक्षिणी तुर्की का कुछ भाग इसमें सम्मिलित है।

**27. Consider the following countries:**
**निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए:**

1. **Azerbaijan/अजरबैजान**
2. **Kyrgyzstan/किरगिजस्तान**
3. **Tajikistan/ताजिकिस्तान**
4. **Turkmenistan/तुर्कमेनिस्तान**
5. **Uzbekistan/उज्बेकिस्तान**

**Which of the above have borders with Afghanistan?**
**उपर्युक्त में से किनकी सीमाएँ अफगानिस्तान के साथ लगती हैं?**

(a) 1, 2 and 5 only/केवल 1, 2 और 5
(b) 1, 2, 3 and 4 only/केवल 1, 2, 3 और 4
(c) 3, 4 and 5 only/केवल 3, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 and 5/1, 2, 3, 4 और 5

**Ans. (c) :** अफगानिस्तान से सीमा साझा करने देश निम्नलिखित हैं-

- तजाकिस्तान - उत्तर से
- तुर्कमेनिस्तान - उत्तर से
- उज्बेकिस्तान - उत्तर से
- ईरान - पश्चिम से
- पाकिस्तान - पूर्व और दक्षिण से
- भारत - उत्तर पूर्व से
- चीन - उत्तर पूर्व से

**28. With reference to India, consider the following statements:**
**भारत के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **Monazite is a source of rare earths.**
**मोनाज़ाइट दुर्लभ मृदाओं का स्रोत है।**
2. **Monazite contains thorium.**
**मोनाजाइट में थोरियम होता है।**
3. **Monazite occurs naturally in the entire Indian coastal sands in India.**
**भारत की समस्त तटवर्ती बालुकाओं में मोनाजाइट प्राकृतिक रूप में होता है।**
4. **In India, government bodies only can process or export monazite.**
**भारत में, केवल सरकारी निकाय ही मोनाजाइट** [redacted]

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं ?**

(a) 1, 2 and 3 only/केवल 1, 2 और 3
(b) 1, 2 and 4 only/केवल 1, 2 और 4
(c) 3 and 4 only/केवल 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4/1, 2, 3, और 4

**Ans. (b) :** मोनाजाइट प्राथमिक रूप से लाल-भूरा फास्फेटिक खनिज है जिसमें दुर्लभ-मृदा तत्व पाये जाते हैं।

- मोनाजाइट में थोरियम की मात्रा कभी-कभी 20-30% तक हो सकती है।
- भारत में मोनाजाइट सम्पूर्ण पूर्वी तट और केरल की तटीय बालू में पाया जाता है।
- भारत में मोनाजाइट को उत्पादित और संसाधित करने का अधिकार केवल इंडियन रेयर अर्थ लिमिटेड को ही प्रदान किया गया है।

**29. In the northern hemisphere, the longest day of the year normally occurs in the:**
**उत्तरी गोलार्द्ध में, वर्ष का सबसे लंबा दिन आम तौर पर कब होता है ?**

(a) First half of the month of June
जून महीने का पहला पखवाड़ा
(b) Second half of the month of June
जून महीने का दूसरा पखवाड़ा
(c) First half of the month of July
जुलाई महीने का पहला पखवाड़ा
(d) Second half of the month of July
जुलाई महीने का दूसरा पखवाड़ा

**Ans. (b) :** भूमध्य रेखा के उत्तर (उत्तरी गोलार्द्ध) में सबसे लम्बा दिन 21 जून को होता है। यह जून महीने के दूसरे पखवाड़े में पड़ता है।

**30. Consider the following pairs:**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :**

| | Wetland/Lake<br>आर्द्रभूमि/झील | | Location<br>अवस्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | Hokera Wetland<br>होकेरा आर्द्रभूमि | - | Punjab<br>पंजाब |
| 2. | Renuka Wetland<br>रेणुका आर्द्रभूमि | - | Himachal Pradesh<br>हिमाचल प्रदेश |
| 3. | Rudrasagar Lake<br>रुद्रसागर झील | - | Tripura<br>त्रिपुरा |
| 4. | Sasthamkotta Lake<br>सस्थाम्कोत्ता झील | - | Tamil Nadu<br>तमिलनाडु |

**How many pairs given above are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में कितने सही सुमेलित हैं ?**

(a) Only one pair/केवल एक युग्म
(b) Only two pairs/केवल दो युग्म
(c) Only three pairs/केवल तीन युग्म
[redacted]

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Ans. (b) :** सही सुमेलित हैं -

| **आर्द्रभूमि/झील** | **- स्थान** |
|---|---|
| होकेरा आर्द्रभूमि | - जम्मू और कश्मीर |
| रेणुका आर्द्रभूमि | - हिमाचल प्रदेश |
| रूद्रसागर झील | - त्रिपुरा |
| सस्थाम्कोत्ता झील | - केरल |

**31. Consider the following:**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**
**1. Aarogya Setu/आरोग्य सेतु**
**2. CoWIN/कोविन**
**3. DigiLocker/डिजीलॉकर**
**4. DIKSHA/दीक्षा**
**Which of the above are built on top of open-source digital platforms?**
**उपर्युक्त में से कौन-से, ओपेन-सोर्स डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बनाए गए हैं?**
(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2, 3 and 4 only/केवल 2, 3 और 4
(c) 1, 3 and 4 only/केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 and 4/1, 2, 3 और 4

**Ans. (d) :** ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर (OSS) कंप्यूटर सॉफ्टवेयर है जो एक लाइसेंस के तहत जारी किया जाता है। इसमें कॉपीराइट धारक उपयोगकर्ताओं को सॉफ्टवेयर का उपयोग, अध्ययन, परिवर्तन तथा वितरित करने का अधिकार देता है। इस साफ्टवेयर के सोर्स कोड का उपयोग कोई भी किसी भी उद्देश्य हेतु कर सकता है। अप्रैल, 2020 में भारत सरकार ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी से तैयार आरोग्य सेतु मोबाइल ऐप को लांच किया। यह ऐप कोविड-19 संक्रमण के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान करता है। इसको ओपेन सोर्स प्लेटफार्म के रूप में लोकार्पित किया गया है। कोविन पोर्टल को ओपेन सोर्स प्लेटफॉर्म पर कोविड-19 टीकों के पंजीकरण, प्रमाणपत्र के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है। डिजिलॉकर डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है। इसका उद्देश्य नागरिकों के डिजिटल दस्तावेज वॉलेट में संग्रहित प्रामाणिक डिजिटल दस्तावेजों तक पहुँच प्रदान करके नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण करना है। दीक्षा पोर्टल को भारत सरकार द्वारा स्कूली शिक्षा के डिजिटल अवसंरचना में सुधार के लिए शुरू किया गया है। यह भी ओपेन-सोर्स प्रौद्योगिकी का प्रयोग करता है।

**32. With reference to Web 3.0, consider the following statements:**
**वेब 3.0 के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
**1. Web 3.0 technology enables people to control their own data.**
**वेब 3.0 प्रौद्योगिकी से व्यक्ति अपने स्वयं के आंकड़ों पर नियंत्रण कर सकते हैं।**
**2. In Web 3.0 world, there can be block chain based social networks.**
**वेब 3.0 संसार में, ब्लॉकचेन आधारित सामाजिक नेटवर्क हो सकते हैं।**
**3. Web 3.0 is operated by users collectively rather than a corporation.**
**वेब 3.0 किसी निगम द्वारा परिचालित होने की बजाय प्रयोक्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से परिचालित किया जाता है।**
**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**
(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (d) :** वेब 3.0 वेब तकनीक की तीसरी पीढ़ी है। वेब (WEB) को वर्ल्ड वाइड वेब के रूप में जाना जाता है। वेब 3.0, वेब 1.0 और वेब 2.0 का उन्नत संस्करण है। वेब 3.0 ब्लाकचेन तकनीक पर बनाया जाएगा। इस प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्रयोक्ता अपने स्वयं के आंकड़ों पर नियन्त्रण रख सकते हैं। ब्लाकचेन पर आधारित सामाजिक नेटवर्क का विकास हो सकता है। वेब 3.0 तकनीक कंपनियों के मुकाबले उपयोगकर्ताओं को सूचना का स्वामित्व देगा। वेब 3.0 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सिमेंटिक वेब और मशीन लर्निंग जैसी प्रौद्योगिकियों के माध्यम से उपयोगकर्ता अनुभव और इंटरैक्शन को बेहतर किया जा सकता है। अतः कथन (1), (2) और (3) सत्य हैं।

**33. With reference to "Software as a Service (SaaS)", consider the following statements:**
**"सॉफ्टवेयर, सेवा के रूप में (Software as a Service (SaaS)" के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
**1. SaaS buyers can customise the user interface and can change data fields.**
**SaaS क्रयकर्ता, प्रयोक्ता अन्तरापृष्ठ को अपनी आवश्यकतानुसार निर्धारित कर आंकड़ों के क्षेत्र में बदलाव कर सकते हैं।**
**2. SaaS users can access their data through their mobile devices**
**SaaS प्रयोक्ता, अपनी चल युक्तियों (मोबाइल डिवाइसेज) के माध्यम से अपने आंकड़ों तक पहुँच बना सकते हैं।**
**3. Outlook, Hotmail and Yahoo! Mail are forms of SaaS.**
**आउटलुक, हॉटमेल और याहू! मेल SaaS के रूप हैं।**
**Which of the statements given above are correct.**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं ?**
(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (d) :** SaaS (Software as a Service) एक सॉफ्टवेयर है, जो डिलीवरी और लाइसेंसिंग को संदर्भित करता है। सास की महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह प्रत्येक उपयोगकर्ता को इंटरनेट के माध्यम से कार्यक्रमों तक पहुंचने की अनुमति देता है। सॉफ्टवेयर सेवा के रूप में क्रयकर्ता प्रयोक्ता इंटरफेस को अपनी आवश्यकतानुसार आंकड़ों में बदलाव करके निर्धारित कर सकते हैं। इस इंटरफेस में पहुँचने के लिए मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम का उपयोग करके आंकडों तक पहुँच बना सकते हैं। आउटलुक, हॉटमेल और याहू मेल SaaS के रूप में प्रयोग होता है।

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**34. Which one of the following statements best reflects the idea behind the "Fractional Orbital Bombardment System" often talked about in media?**
**निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक, जनसंचार-माध्यमों में बहुचर्चित ''प्रभाजी कक्षीय बमबारी प्रणाली'' के आधारभूत विचार को सर्वोत्तम रूप से प्रतिबिंबित करता है?**

(a) A hypersonic missile is launched into space to counter the asteroid approaching the Earth and explode it in space./अंतरिक्ष में अतिध्वनिक मिसाइल का प्रमोचन, पृथ्वी की तरफ बढ़ते हुए क्षुद्रग्रह का सामना कर उसका अंतरिक्ष में ही विस्फोटन कराने के लिए किया जाता है।
(b) A spacecraft lands on another planet after making several orbital motions./कोई अंतरिक्षयान अनेक कक्षीय गतियों के बाद किसी अन्य ग्रह पर उतरता है।
(c) A missile is put into a stable orbit around the Earth and deorbits over a target on the Earth./कोई मिसाइल पृथ्वी के परितः किसी स्थिर कक्षा में स्थापित किया जाता है और वह पृथ्वी पर किसी लक्ष्य के ऊपर कक्षा को त्यागता है।
(d) A spacecraft moves along a comet with the same speed and places a probe on its surface./कोई अंतरिक्षयान किसी धूमकेतु के साथ-साथ उसी चाल से चलते हुए उसके पृष्ठ पर एक संपरीक्षित्र स्थापित करता है।

**Ans. (c) :** प्रभाजी कक्षीय बमबारी प्रणाली एक वारहेड डिलीवरी प्रणाली है जो अपने गंतव्य की ओर निम्न पृथ्वी की कक्षा का उपयोग करता है। लक्ष्य तक पहुँचने से ठीक पहले यह एक प्रतिगामी इंजन दहन से होकर गुजरता है। अर्थात् कोई मिसाइल पृथ्वी के परितः किसी स्थिर कक्षा में स्थापित किया जाता है और वह पृथ्वी पर किसी लक्ष्य के ऊपर कक्षा त्यागता है। हाल ही में, चीन पर प्रभाजीय कक्षीय बमबारी प्रणाली परीक्षण करने का संदेह था।

**35. Which one of the following is the context in which the term "qubit" is mentioned?**
**''क्यूबिट (qubit)'' शब्द का उल्लेख निम्नलिखित में कौन-से एक प्रसंग में होता है?**

(a) Cloud Services/क्लाउड सेवाएँ
(b) Quantum Computing/क्वांटम संगणन
(c) Visible Light Communication Technologies
दृश्य प्रकाश संचार प्रौद्योगिकियाँ
(d) Wireless Communication Technologies
बेतार संचार प्रौद्योगिकियाँ

**Ans. (b) :** क्यूबिट क्वांटम कम्प्यूटर की संगणना में प्रयुक्त मूलभूत इकाई है। पारंपरिक कम्प्यूटर बाइनरी डिजिट्स (0 और 1) से निर्मित मूलभूत इकाई के आधार पर काम करता है, जिसे बिट कहा जाता है। दूसरी तरफ क्वांटम कंप्यूटर क्यूबिट (क्वांटम बिट) को अपनाता है। जहाँ बिट का मान 0 या 1 ही हो सकता है, वहीं क्यूबिट का मान 0, 1 या दोनों हो सकता है। जाहिर है, पारंपरिक कम्प्यूटरों के विपरीत क्वांटम कम्प्यूटर दो अवस्थाओं तक सीमित नहीं हैं। सामान्य कंम्प्यूटरों में जहाँ ट्रॉजिस्टरों का इस्तेमाल होता है, वहीं क्वांटम कम्प्यूटर में परमाणुओं, इलेक्ट्रॉन, आयन, फोटॉन आदि का प्रयोग होता है, जिन्हें एक दूसरे से सुपरइम्पोज किया जा सकता है।

**36. Consider the following communication technologies:**
**निम्नलिखित संचार प्रौद्योगिकियों पर विचार कीजिए :**

1. **Closed-circuit Television**
**निकट-परिपथ (क्लोज-सर्किट) टेलीविजन**
2. **Radio Frequency Identification**
**रेडियो आवृत्ति अभिनिर्धारण**
3. **Wireless Local Area Network**
**बेतार स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क**

**Which of the above are considered Short-Range devices/technologies?**
**उपर्युक्त में कौन-सी लघु-परास युक्तियाँ/प्रौद्योगिकियाँ मानी जाती हैं?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (d) :** लघु-परास युक्तियाँ ऐसी रेडियो युक्तियां हैं जो अन्य रेडियो सेवाओं के साथ बिना हस्तक्षेप के लघु-परास में संचालित होती हैं। लघु-परास युक्तियों की परिभाषा में बहुत सी युक्तियों और प्रौद्योगिकियों को शामिल किया जाता है, जो निम्नलिखित हैं-
- निकट-परिपथ टेलीविजन (CCTV)
- रेडियो आवृत्ति अभिनिर्धारण (RFID)
- बेतार स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क (WLAN)
- मीटर युक्तियां
- रिमोट कंट्रोल
- मेडिकल इंप्लांट्स
- वायरलेस माइक्रोफोन

**37. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **Biofilms can form on medical implants within human tissues.**
**जैवपरत (बायोफिल्म) मानव ऊतकों के भीतर चिकित्सकीय अंतर्रोपों पर बन सकती हैं।**
2. **Biofilms can form on food and food processing surfaces.**
**जैवपरत खाद्यपदार्थ और खाद्य प्रसंस्करण सतहों पर बन सकती हैं।**
3. **Biofilms can exhibit antibiotic resistance.**
**जैवपरत प्रतिजैविक प्रतिरोध दर्शा सकती हैं।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं ?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (d) :** बायोफिल्म सतह से जुड़े माइक्रोबियल कोशिकाओं का एक संयोजन है जो एक एक्स्ट्रासेल्युलर पोलिमेरिक पदार्थ में संलग्न है। वैन ल्यूवेनहॉक ने अपने सरल सूक्ष्मदर्शी का उपयोग करते हुए सबसे पहले दांतों की सतहों पर सूक्ष्मजीवों का अवलोकन किया और उन्हें माइक्रोबियल बायोफिल्म की खोज का श्रेय दिया जा सकता है। बायोफिल्म के विषय में निम्नलिखित सत्य है -

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

- बायोफिल्म मानव ऊतकों के भीतर चिकित्सीय अंतर्रोपों पर बन सकती है।
- बायोफिल्म खाद्य पदार्थ और खाद्य प्रसंस्करण सतहों पर बन सकती है।
- बायोफिल्म प्रतिजैविक प्रतिरोध दर्शा सकती हैं।

**38. Consider the following statements in respect of probiotics:**
**प्रजैविकों (प्रोबायोटिक्स) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**1. Probiotics are made of both bacteria and yeast.**
**प्रजैविक, जीवाणु और यीस्ट दोनों के बने होते हैं।**

**2. The organisms in probiotics are found in foods we ingest but they do not naturallyoccur in our gut.**
**प्रजैविकों में जीव, खाए जाने वाले खाद्य में होते हैं किन्तु वे नैसर्गिक रूप से हमारी आहार-नली में नहीं पाए जाते।**

**3. Probiotics help in the digestion of milk sugars.**
**प्रजैविक दुग्ध शर्कराओं के पाचन में सहायक हैं।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1 (b) 2 only/केवल 2
(c) 1 and 3/1 और 3 (d) 2 and 3/2 और 3

**Ans. (c) :** प्रजैविक अच्छे जीवित जीवाणुओं और यीस्ट से बने होते हैं जो प्राकृतिक रूप से हमारे शरीर में रहते हैं। हमारे शरीर में अच्छे और खराब दोनों प्रकार के जीवाणु मौजूद रहते हैं। प्रजैविक दुग्ध शर्कराओं के पाचन में सहायक होते हैं। प्रजैविक मनुष्य को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

**39. In the context of vaccines manufactured to prevent COVID-19 pandemic. Consider the following statements:**
**कोविड-19 विश्वमहामारी को रोकने के लिए बनाई जा रही वैक्सीनों के प्रसंग में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**1. The Serum Institute of India produced COVID-19 vaccine named Covishield using mRNA platform.**
**भारतीय सीरम संस्थान ने mRNA प्लेटफॉर्म का प्रयोग कर कोविशील्ड नामक कोविड-19 वैक्सीन निर्मित की।**

**2. Sputnik V vaccine is manufactured using vector based platform.**
**स्पुतनिक V वैक्सीन रोगवाहक (वेक्टर) आधारित प्लेटफॉर्म का प्रयोग कर बनाई गई है।**

**3. COVAXIN is an inactivated pathogen based vaccine.**
**कोवैक्सीन एक निष्कृत रोगजनक आधारित वैक्सीन है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
[redacted]
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (b) :** सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ऑस्ट्रजेनेका इंक की भागीदारी से कोविशील्ड नामक कोविड-19 वैक्सीन को निर्मित किया गया जो एडिनोवाइरस वेक्टर वैक्सीन है, अतः कथन (1) गलत है। अन्य कथन सत्य हैं। रूस द्वारा स्पुतनिक-V वैक्सीन रोगवाहक प्लेटफॉर्म का प्रयोग कर बनाई गई है।

**40. If a major solar storm (solar flare) reaches the Earth, which of the following are the possible effects on the Earth?**
**यदि कोई मुख्य सौर तूफान (सौर प्रज्वाल) पृथ्वी पर पहुँचता है, तो पृथ्वी पर निम्नलिखित में कौन-से संभव प्रभाव होंगे ?**

**1. GPS and navigation systems could fail.**
**GPS और दिक्संचालन (नैविगेशन) प्रणालियाँ विफल हो सकती हैं।**

**2. Tsunamis could occur at equatorial regions.**
**विषुवतीय क्षेत्रों में सुनामियाँ आ सकती हैं।**

**3. Power grids could be damaged.**
**बिजली ग्रिड क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।**

**4. Intense auroras could occur over much of the Earth.**
**पृथ्वी के अधिकांश हिस्से पर तीव्र ध्रुवीय ज्योतियां घटित हो सकती हैं।**

**5. Forest fires could take place over much of the planet.**
**ग्रह के अधिकांश हिस्से पर दावाग्नियाँ घटित हो सकती हैं।**

**6. Orbits of the satellites could be disturbed.**
**उपग्रहों की कक्षाएँ विक्षुब्ध हो सकती हैं।**

**7. Shortwave radio communication of the aircraft flying over polar regions could be interrupted.**
**ध्रुवीय क्षेत्रों के ऊपर से उड़ते हुए वायुयान का लघुतरंग रेडियो संचार बाधित हो सकता है।**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1, 2, 4 and 5 only/केवल 1, 2, 4 और 5
(b) 2, 3, 5, 6 and 7 only/केवल 2, 3, 5, 6 और 7
(c) 1, 3, 4, 6 and 7 only/केवल 1, 3, 4, 6 और 7
(d) 1, 2, 3, 4, 5, 6 and 7/1, 2, 3, 4, 5, 6 और 7

**Ans. (c) :** सूर्य की सतह पर किसी स्थान पर अचानक बढ़ने वाली चमक को, सौर तूफान (सौर प्रज्वाल) कहते हैं। सौर तूफान जब पृथ्वी पर पहुँचता है तो निम्नलिखित घटनाएं घटित हो सकती हैं -

- जीपीएस और नैविगेशन प्रणालियाँ विफल हो सकती हैं।
- बिजली ग्रिड क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।
- पृथ्वी के अधिकांश हिस्से पर तीव्र ध्रुवीय ज्योतियां (Auroras) घटित हो सकती हैं।
- उपग्रहों की कक्षाएं विक्षुब्ध हो सकती हैं।
- ध्रुवीय क्षेत्रों के ऊपर से उड़ते हुए वायुयान का लघुतरंग रेडियो [redacted]

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**41. "Climate Action Tracker" which monitors the emission reduction pledges of different countries is a :/''जलवायु कार्रवाई ट्रैकर (क्लाइमेट ऐक्शन ट्रैकर)'' जो विभिन्न देशों के उत्सर्जन अपचयन के लिए दिए गए वचनों की निगरानी करता है, क्या है?**

(a) Database created by coalition of research organizations/अनुसंधान संगठनों के गठबंधन द्वारा निर्मित डेटाबेस

(b) Wing of "International Panel of Climate Change"/''जलवायु परिवर्तन के अंतर्राष्ट्रीय पैनल'' का स्कंध (विंग)

(c) Committee under "United Nations Framework Convention on Climate Change" ''जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र ढाँचा अभिसमय'' के अधीन समिति

(d) Agency promoted and financed by United Nations Environment Programme and World Bank/संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और विश्व बैंक द्वारा संवर्धित और वित्तपोषित एजेंसी

**Ans. (a) :** वर्ष 2009 से जलवायु कार्रवाई ट्रैकर (Climate Action Tracker) स्वतंत्र रूप से जलवायु विश्लेषण का डेटा प्रदान कर रहा है। यह दो अनुसंधान संगठनों क्लाइमेट एनालिटिक्स और न्यू क्लाइमेट इंस्टीट्यूट के गठबंधन में डेटा विश्लेषण प्रदान करता है। जलवायु कार्रवाई ट्रैकर, जो विभिन्न देशों के उत्सर्जन अपचयन के मानक पेरिस समझौते के अनुसार तय किये गये हैं, उन वचनों की निगरानी करता है।

**42. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **"The Climate Group" is an international non-profit organization that drives climate action by building large networks and runs them.**
**''जलवायु समूह (दि क्लाइमेट ग्रुप)'' एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन है जो बड़े नेटवर्क बनाकर जलवायु क्रिया को प्रेरित करता है और उन्हें चलाता है।**
2. **The International Energy Agency in partnership with the Climate Group launched a global initiative "EP100".**
**अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने जलवायु समूह की भागीदारी में एक वैश्विक पहल "EP100" प्रारंभ की।**
3. **EP100 brings together leading companies committed to driving innovation in energy efficiency and increasing competitiveness while delivering on emission reduction goals.**
**EP100, ऊर्जा दक्षता में नवप्रवर्तन को प्रेरित करने एवं उत्सर्जन न्यूनीकरण लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध अग्रणी कंपनियों को साथ लाता है।**
4. **Some Indian companies are members of EP100.**
**कुछ भारतीय कंपनियाँ EP100 की सदस्य हैं।**
5. **The International Energy Agency is the Secretariat to the "Under2 Coalition".**
**अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ''अंडर2 कोएलिशन'' का सचिवालय है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) 1, 2, 4 and 5/केवल 1, 2, 4 और 5
(b) 1, 3 and 4 only/केवल 1, 3 और 4
(c) 2, 3 and 5 only/केवल 2, 3 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 and 5/1, 2, 3, 4 और 5

**Ans. (b) :** वर्ष 2003 में क्लाइमेट ग्रुप की स्थापना की गई। यह एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन है, जो 175 बाजारों में 500 बहुराष्ट्रीय व्यवसायों का नेटवर्क बनाकर जलवायु क्रिया को प्रेरित करता है और उन्हें चलाता है। अतः कथन (1) सत्य है। क्लाइमेट ग्रुप ने 120 ऊर्जा स्मार्ट व्यवसायों की भागीदारी में एक वैश्विक पहल EP100 को प्रारंभ किया। अतः कथन (2) असत्य है। EP100 ऊर्जा दक्षता में नवप्रवर्तन को प्रेरित करने एवं उत्सर्जन न्यूनीकरण लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए प्रतिस्पर्धा व्यापकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध अग्रणी कंपनियों को साथ लाता है। अतः कथन (3) सत्य है। कुछ भारतीय कंपनियां EP100 की सदस्य हैं, जिनमें महिन्द्रा हॉलिडेज, गोदरेज, शैले होटल (Chalet Hotels) आदि हैं। अतः कथन (4) सत्य है। क्लाइमेट ग्रुप अंडर 2 कोएलिशन का सचिवालय है। अतः कथन (5) असत्य है।

**43. "If rainforests and tropical forests are the lungs of the Earth, then surely wetlands function as its kidneys". Which one of the following functions of wetlands best reflects the above statement?**
**''यदि वर्षावन और उष्णकटिबंधीय वन पृथ्वी के फेफड़े हैं, तो निश्चित ही आर्द्रभूमियाँ इसके गुर्दों की तरह काम करती हैं। निम्नलिखित में से आर्द्रभूमियों का कौन-सा एक कार्य उपर्युक्त कथन को सर्वोत्तम रूप से प्रतिबिंबित करता है?**

(a) The water cycle in wetlands involves surface runoff, subsoil percolation and evaporation.
आर्द्रभूमियों के जल चक्र में सतही अपवाह, अवमृदा अंतः स्रवण और वाष्पन शामिल होते हैं।

(b) Algae form the nutrient base upon which fish, crustaceans, molluscs, birds, reptiles and mammals thrive./शैवालों से वह पोषक आधार बनता है, जिस पर मत्स्य, पुरुषकवची (क्रश्टेशिआई), मृदुकवची (मोलस्क) पक्षी, सरीसृप और स्तनधारी फलते फूलते हैं।

(c) Wetlands play a vital role in maintaining sedimentation balance and soil stabilization.
आर्द्रभूमियाँ अवसाद संतुलन और मृदा स्थिरीकरण बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

(d) Aquatic plants absorb heavy metals and excess nutrients./जलीय पादप भारी धातुओं और पोषकों के आधिक्य को अवशोषित कर लेते हैं।

**Ans. (d) :** यदि वर्षावन और उष्णकटिबंधीय वन पृथ्वी के फेफड़े हैं, तो निश्चित ही आर्द्रभूमियाँ इसके गुर्दों की तरह काम करती हैं। इस कथन को सर्वोत्तम रूप से विकल्प (d) निरूपित करता है। आर्द्रभूमि के संरक्षण हेतु 2 फरवरी, 1971 को रामसर (ईरान) में संपन्न सम्मेलन में प्रतिभागी राष्ट्रों द्वारा संबंधित अभिसमय पर हस्ताक्षर किया गया।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**44. In the context of WHO Air Quality Guidelines, consider the following statements:**
**WHO के वायु गुणवत्ता दिशानिर्देशों के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **The 24-hour mean of $PM_{2.5}$ should not exceed 15 μg/$m^3$ and annual mean of $PM_{2.5}$ should not exceed 5 μg/$m^3$**
**$PM_{2.5}$ का 24-घंटा माध्य 15 μg/$m^3$ से अधिक नहीं बढ़ना चाहिए और $PM_{2.5}$ का वार्षिक माध्य 5 μg/$m^3$ से अधिक नहीं बढ़ना चाहिए।**
2. **In a year, the highest levels of ozone pollution occur during the periods of inclement weather**
**किसी वर्ष में, ओजोन प्रदूषण के उच्चतम स्तर प्रतिकूल मौसम के दौरान होते हैं।**
3. **$PM_{10}$ can penetrate the lung barrier and enter the blood stream.**
**$PM_{10}$ फेफड़े के अवरोध का वेधन कर रक्त-प्रवाह में प्रवेश कर सकता है।**
4. **Excessive ozone in the air can trigger asthma.**
**वायु में अत्यधिक ओजोन दमा को उत्पन्न कर सकती है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**

(a) 1, 3 and 4/1, 3 और 4
(b) 1 and 4 only/केवल 1 और 4
(c) 2, 3 and 4/2, 3 और 4
(d) 1 and 2 only/केवल 1 और 2

**Ans. (b) :** विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वायु गुणवत्ता के संबंध में वर्ष 2005 से वर्ष 2021 के दिशानिर्देशों की तुलना–

| प्रदूषक | औसत समय | 2005 AQG स्तर | 2021 AQG स्तर |
|---|---|---|---|
| $PM_{2.5}$ μg/$m^3$ | वार्षिक | 10 | 5 |
| | 24-घण्टे | 25 | 15 |
| $PM_{10}$ μg/$m^3$ | वार्षिक | 20 | 15 |
| | 24-घण्टे | 50 | 45 |
| $O_3$ μg/$m^3$ | पीक सीजन | — | 60 |
| | 8-घण्टे | 100 | 100 |

उपर्युक्त दिशानिर्देशों के अनुसार कथन (1) सत्य है। किसी वर्ष में ओजोन प्रदूषण सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में प्रकाश-रासायनिक अभिक्रियाएं करके उच्चतम स्तर पर पहुँचता है। अतः कथन (2) असत्य है। $PM_{2.5}$ फेफड़े का अवरोधवेधन कर रक्त प्रवाह में प्रवेश कर सकती है। अतः कथन (3) असत्य है। वायु में ओजोन की अत्यधिक उपस्थिति दमा को उत्पन्न कर सकती है।

**45. With reference to "Gucchi" sometimes mentioned in the news, consider the following statements:**
**कभी-कभी समाचारों में उल्लिखित ''गुच्छी'' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **It is a fungus./यह एक कवक है।**
2. **It grows in some Himalayan forest areas.**
**यह कुछ हिमालयी वन क्षेत्रों में उगती है।**
3. **It is commercially cultivated in the Himalayan foothills of north-eastern India.**
**उत्तर-पूर्वी भारत के हिमालय की तलहटी में इसकी वाणिज्यिक रूप से खेती की जाती है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 3 only/केवल 3
(c) 1 and 2/1 और 2
(d) 2 and 3/2 और 3

**Ans. (c) :** गुच्छी एक कवक है इसका वैज्ञानिक नाम मोर्चेला एस्क्यूलयेंटा है। हालांकि यह देशभर में स्पंज मशरूम के नाम से मशहूर है। गुच्छी मशरूम चंबा, कुल्लू, शिमला, मनाली समेत हिमालयी वन क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से पाई जाती है। इसकी बाजार मांग को देखते हुए हिमालयी राज्यों में इसकी व्यावसायिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**46. With reference to polyethylene terephthalate, the use of which is so widespread in our daily lives, consider the following statements:**
**पॉलीएथिलीन टेरेफ्थलेट के सन्दर्भ में, जिसका हमारे दैनिक जीवन में बहुत व्यापक उपयोग है, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **Its fibres can be blended with wool and cotton fibres to reinforce their properties.**
**इसके तंतुओं को ऊन और कपास के तंतुओं के साथ, उनके गुणधर्मों को प्रबलित करने हेतु, सम्मिश्रित किया जा सकता है।**
2. **Containers made of it can be used to store any alcoholic beverage.**
**इससे बने पात्रों को किसी भी मादप पेय को रखने के लिए उपयोग किया जा सकता है।**
3. **Bottles made of it can be recycled into other products.**
**इससे बनी बोतलों का पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) कर उनसे अन्य उत्पाद बनाए जा सकते हैं।**
4. **Articles made of it can be easily disposed of by incineration without causing greenhouse gas emissions.**
**इससे बनी वस्तुओं का भस्मीकरण द्वारा, बिना ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन किए, आसानी से निपटान किया जा सकता है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**

(a) 1 and 3/1 और 3
(b) 2 and 4/2 और 4
(c) 1 and 4/1 और 4
(d) 2 and 3/2 और 3

**Ans. (a) :** पालीएथिलीन टेरेफ्थलेट को संक्षिप्त रूप से PET अथवा PETE कहा जाता है। यह पॉलिमर के पालिएस्टर परिवार का सदस्य है जो एक मजबूत, कठोर सिंथेटिक फाइबर और रेजिन

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

है। पीईटी के तंतुओं को ऊन और कपास के तंतुओं के साथ उनके गुणधर्मों को बदलने के लिए मिलाया जाता है। इससे बिना सिलवट वाले कपड़ों का निर्माण संभव हुआ है। इन कपड़ों पर प्रेस करने की आवश्यकता नहीं होती है। पीईटी का प्रयोग बड़ी मात्रा में बोतल निर्माण में किया जाता है। इन बोतलों का पुनर्चक्रण करके इनसे अन्य उत्पाद बनाये जा सकते हैं। जब पीईटी का पुनर्चक्रण किया जाता है तो भारी मात्रा में ग्रीनहाउस गैस प्रदूषण उत्पन्न होता है।

**47. Which of the following is not a bird?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा पक्षी नहीं है?**

(a) Golden Mahseer/गोल्डन महासीर
(b) Indian Nightjar/इंडियन नाइटजार
(c) Spoonbill/स्पूनबिल
(d) White Ibis/व्हाईट आइबिस

**Ans. (a) :** गोल्डन महसीर को टाइगर मछली के नाम से जाना जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम टोर पुतितोरा (Tor Putitora) है। विश्व में महसीर की 47 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें 15 भारत में पाई जाती हैं। शेष विकल्प (b), (c) और (d) पक्षियों से संबंधित हैं।

**48. Which of the following are nitrogen-fixing plants?**
**निम्नलिखित में कौन-से, नाइट्रोजन-यौगिकीकरण पादप हैं?**

**1. Alfalfa/अल्फाल्फा**
**2. Amaranth/चौलाई (ऐमरंथ)**
**3. Chickpea/चना (चिक-पी)**
**4. Clover/तिपतिया घास (क्लोवर)**
**5. Purslane (Kulfa)/कुलफा (पर्सलेन)**
**6. Spinach/पालक**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1, 3 and 4 only/केवल 1, 3 और 4
(b) 1, 3, 5 and 6 only/केवल 1, 3, 5 और 6
(c) 2, 4, 5 and 6 only/केवल 2, 4, 5 और 6
(d) 1, 2, 4, 5 and 6/1, 2, 4, 5 और 6

**Ans. (a) :** वातावरण में लगभग 78 प्रतिशत नाइट्रोजन उपस्थित है लेकिन यह पेड़-पौधों के प्रयोग के स्टॉक में नहीं है। वातावरणीय नाइट्रोजन को पौधों के लिए उपलब्ध कराने के लिए मिट्टी में मौजूद कुछ जीवाणुओं की प्रजाति सहयोग करती है। इन जीवाणुओं के माध्यम से किया जाने वाला यह कार्य नाइट्रोजन स्थिरीकरण या यौगिकीकरण कहलाता है और वातावरण से गैसीय नाइट्रोजन अमोनिया के रूप में स्थिर हो जाती है। दलहनी फसलों की जड़ों में गांठें बनती हैं जिनमें राइजोबियम जीवाणु होते हैं, जो वातावरणीय नाइट्रोजन को पौधों के लिए उपलब्ध अवस्था में बदल देते हैं। प्रश्नानुसार दिए गए पादपों में से कुछ नाइट्रोजन- स्थिरीकरण पादप निम्न हैं–

- अल्फाल्फा
- चना
- तिपतिया घास

**49. "Biorock technology" is talked about in which one of the following situations?**
**निम्नलिखित स्थितियों में से किस एक में ''जैवशैल प्रौद्योगिकी (बायोरॉक टेक्नोलॉजी)'' की बातें होती हैं?**

(a) Restoration of damaged coral reefs/क्षतिग्रस्त प्रवाल भित्तियों (कोरल रीफ्स) की बहाली
(b) Development of building materials using plant residues /पादप अवशिष्टों का प्रयोग कर भवन-निर्माण सामग्री का विकास
(c) Identification of areas for exploration/ extraction of shale gas/शेल गैस के अन्वेषण/निष्कर्षण के लिए क्षेत्रों की पहचान करना
(d) Providing salt licks for wild animals in forests/protected areas/वनों/संरक्षित क्षेत्रों में जंगली पशुओं के लिए लवण-लेहिकाएँ (साल्ट लिक्स) उपलब्ध कराना

**Ans. (a) :** जैवशैल प्रौद्योगिकी में बायोरॉक इस्पात संरचनाओं पर समुद्री जल में विलेय खनिजों के विद्युत संचय से बनने वाला पदार्थ है। इन इस्पात संरचनाओं को समुद्र के तल पर उतारा जाता है और सौर पैनलों की सहायता से इनको ऊर्जा प्रदान की जाती है। इस तकनीक में जब एक धनात्मक आवेश वाला एनोड और ऋणात्मक आवेश वाला कैथोड समुद्र की सतह पर रखा जाता है तो इन दोनों के बीच होने वाले विद्युत प्रवाह के कारण कैल्शियम आयन कार्बोनेट आयनों से जुड़ जाते हैं और कैथोड से चिपक जाते हैं। इसके फलस्वरूप कैल्शियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) बनता है। प्रवाल के लार्वे कैल्शियम कार्बोनेट से चिपक जाते हैं जिससे उनका विकास प्राकृतिक वृद्धि से 5 से 6 गुना तेजी से होता है। भारत में ऐसा प्रयोग गुजरात वन प्रभाग की सहायता से भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण द्वारा कच्छ की खाड़ी में किया जा रहा है।

**50. The "Miyawaki method" is well known for the:**
**''मियावाकी पद्धति'' किसके लिए विख्यात है?**

(a) Promotion of commercial farming in arid and semi-arid areas/शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में वाणिज्यिक कृषि का संवर्धन
(b) Development of gardens using genetically modified flora/आनुवंशिकतः रूपांतरित पुष्पों का प्रयोग कर उद्यानों का विकास
(c) Creation of mini forests in urban areas/शहरी क्षेत्रों में लघु वनों का सृजन
(d) Harvesting wind energy on coastal areas and on sea surfaces/तटीय क्षेत्रों और समुद्री सतहों पर पवन ऊर्जा का संग्रहण

**Ans. (c) :** मियावाकी पद्धति एक जापानी वनीकरण विधि है। इस पद्धिति के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में लघु वनों का सृजन किया जाता है। इसमें तीन-चार पौधों को 1 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में लगाया जाता है। इसमें पौधों की सूची तैयार की जाती है जिनकी ऊँचाई पेड़ बनने पर अलग-अलग होती है। जैसे एक पेड़ खजूर का तो दूसरा नीम या शीशम का और तीसरा पौधा किसी फूल की कम ऊँचाई की किस्म का हो सकता है। मियावाकी पद्धति की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इससे कम क्षेत्र में गहन वनीकरण किया जा सकता है। भारत में इस पद्धति से वनीकरण का प्रचलन धीरे-धीरे बढ़ रहा है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**51. In the Government of India Act 1919, the functions of Provincial Government were divided into "Reserved" and "Transferred" subjects. Which of the following were treated as "Reserved" subjects?**

**भारत सरकार अधिनियम 1919 में, प्रांतीय सरकार के कार्य ''आरक्षित (रिजर्व्ड)'' और ''अंतरित (ट्रांसफर्ड)'' विषयों के अंतर्गत बाँटे गए थे। निम्नलिखित में कौन-से ''आरक्षित'' विषय माने गए थे ?**

**1. Administration of Justice/न्याय प्रशासन**

**2. Local Self-Government/स्थानीय स्वशासन**

**3. Land Revenue/भू-राजस्व**

**4. Police/पुलिस**

**Select the correct answer using the code given below:**

**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(b) 2, 3 and 4/2, 3 और 4
(c) 1, 3 and 4/1, 3 और 4
(d) 1, 2 and 4/1, 2 और 4

**Ans. (c) :** भारत सरकार अधिनियम-1919 के अन्तर्गत राज्यों में द्वैध शासन प्रणाली की व्यवस्था की गयी। इसने प्रान्तीय विषयों को दो भागों में बाँट दिया- आरक्षित और हस्तांतरणीय विषय। न्याय प्रशासन, भू-राजस्व, पुलिस, वित्त, अकाल सहायता, पेंशन, सिंचाई, जल मार्ग आदि को आरक्षित विषय में रखा गया जिसका प्रशासन गवर्नर अपने उन पार्षदों की सहायता से करता था। जिन्हें वह मनोनीत करता था। इसी प्रकार स्थानीय स्वायत शासन, शिक्षा, पुस्तकालय, सहकारी समितियाँ आदि को हस्तांतरणीय विषय में रखा गया। जिसका प्रशासन गवर्नर उन मंत्रियों की सहायता से करता था जो विधानपरिषद के प्रति उत्तरदायी थे।

**52. In medieval India, the term "Fanam" referred to:**

**मध्यकालीन भारत में, शब्द ''फणम'' किसे निर्दिष्ट करता था ?**

(a) Clothing/पहनावा
(b) Coins/सिक्के
(c) Ornaments/आभूषण
(d) Weapons/हथियार

**Ans. (b) :** मध्यकालीन हिन्दू राज्य विजय नगर में सोने के छोटे सिक्के को प्रताप तथा फण्म कहा जाता था। प्रताप 26 ग्रेन का तथा फण्म 5.5 ग्राम का होता था। चाँदी के छोटे सिक्कों को तार कहा जाता था। विजयनगर का सर्वाधिक प्रसिद्ध सिक्का स्वर्ण का वाराह था। इसका वजन 52 ग्रेन था, जिसे विदेशी यात्रियों ने हूण, परदौस या पगोड़ा के रूप में उल्लेखित किया है।

**53. Consider the following freedom fighters:**

**निम्नलिखित स्वतन्त्रता सेनानियों पर विचार कीजिए :**

**1. Barindra Kumar Ghosh/बारीन्द्र कुमार घोष**

**2. Jogesh Chandra Chatterjee**
**जोगेश चन्द्र चटर्जी**

**3. Rash Behari Bose/रास बिहारी बोस**

**Who of the above was/were actively associated with the Ghadar Party?**

**उपर्युक्त में से कौन गदर पार्टी के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा था/जुड़े थे?**

(a) 1 and 2/1 और 2
(b) 2 only/केवल 2
(c) 1 and 3/1 और 3
(d) 3 only/केवल 3

**Ans. (d) :** रास बिहारी बोस गदर पार्टी के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे, जबकि जोगेश चन्द्र चटर्जी का संबंध हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एशोसिएसन (H.R.A.) से और बारीन्द्र कुमार घोष का संबंध अनुशीलन समिति से था। गदर पार्टी की स्थापना 1913 ई0 में लाला हरदयाल के प्रयास से हुई थी। 1914 ई. में लाला हरदयाल के गिरफ्तारी के बाद रास बिहारी बोस ने गदर पार्टी का नेतृत्व संभालना स्वीकार किया।

**54. With reference to the proposals of Cripps Mission, consider the following statements:**

**क्रिप्स मिशन के प्रस्तावों के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**1. The Constituent Assembly would have members nominated by the Provincial Assemblies as well the Princely States.**
**संविधान सभा में प्रांतीय विधान-सभाओं और साथ ही भारतीय रियासतों द्वारा नामित सदस्य होंगे।**

**2. Any Province, which is not prepared to accept the new Constitution would have the right to sign a separate agreement with Britain regarding its future status.**
**नया संविधान स्वीकार करने के लिए जो भी प्रांत तैयार नहीं होगा, उसे यह अधिकार होगा कि अपनी भावी स्थिति के बारे में ब्रिटेन के साथ अलग संधि पर हस्ताक्षर करें।**

**Which of the statements given above is/are correct?**

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans. (b) :** द्वितीय विश्व युद्ध में ब्रिटेन की संभावित पराजय तथा वैश्विक दबाव के कारण भारत में क्रिप्स मिशन भेजा गया, जिसने 22 मार्च, 1942 ई. को भारत पहुँच कर एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जो निम्न हैं-

- युद्ध के बाद भारत को डोमिनियन स्टेट का दर्जा दिया जाएगा।
- युद्ध के बाद एक संविधान निर्मात्री परिषद बनेगी, जिसमें ब्रिटिश भारत और देशी रजवाड़ों दोनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिसमें कुछ सदस्यों को प्रांतीय विधायिकाओं द्वारा निर्वाचित तथा कुछ को शासकों द्वारा मनोनीत किया जाना था।
- ब्रिटिश भारत का कोई भी प्रांत यदि नए संविधान को स्वीकार करना न चाहे तो उसे वर्तमान संवैधानिक स्थिति बनाए रखने का अधिकार होगा। नए संविधान को स्वीकार न करने वाले प्रांतों को सम्राट की सरकार अलग से नया संविधान देने को तैयार है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

55. **With reference to Indian history, consider the following texts:**
**भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित मूलग्रंथों पर विचार कीजिए :**
1. **Nettipakarana/नेत्तिपकरण**
2. **Parishishtaparvan/परिशिष्टपर्वन**
3. **Avadanashataka/अवदानशतक**
4. **Trishashtilakshana Mahapurana/त्रिशष्टिलक्षण महापुराण**

**Which of the above are Jaina texts?**
**उपर्युक्त में कौन-से जैन ग्रन्थ हैं ?**
(a) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(b) 2 and 4 only/केवल 2 और 4
(c) 1, 3 and 4/1, 3 और 4
(d) 2, 3 and 4/2, 3 और 4

**Ans. (b) :** उपर्युक्त दिए गए पुस्तकों में से परिशिष्ट पर्वन तथा त्रिशष्टि लक्षण महापुराण जैन ग्रंथ है। जबकि नेत्तिपकरण और अवदानशतक बौद्ध ग्रंथ है। परिशिष्टपर्वन हेमचन्द्र द्वारा रचित 12वीं शताब्दी का संस्कृत महाकाव्य है जो शुरुआती जैन शिक्षकों का विवरण देता है। त्रिशष्टिलक्षण महापुराण 24 जैन संतों से संबन्धित जैन साहित्य है। नेत्तिपकरण में बौद्ध धर्म के तर्क विज्ञान का वर्णन है जिसके रचयिता महाकच्चायन हैं। अवदानशतक द्वितीय शताब्दी में लिखा गया एक प्रमुख बौद्ध साहित्य है।

56. **With reference to Indian history, consider the following pairs:**
**भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| | Historical person ऐतिहासिक व्यक्ति | | Known as किस रूप में जाने गए |
|---|---|---|---|
| 1. | **Aryadeva आर्यदेव** | - | **Jaina scholar जैन विद्वान** |
| 2. | **Dignaga दिग्नाग** | - | **Buddhist scholar बौद्ध विद्वान** |
| 3. | **Nathamuni नाथमुनि** | - | **Vaishnava scholar वैष्णव विद्वान** |

**How many pairs given above are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सुमेलित हैं?**
(a) None of the pairs/कोई भी युग्म नहीं
(b) Only one pairs/केवल एक युग्म
(c) Only two pairs/केवल दो युग्म
(d) All three pairs/सभी तीन युग्म

**Ans. (c) :** सही सुमेलन है-

| **ऐतिहासिक व्यक्ति** | | **किस रूप में जाने गए** |
|---|---|---|
| आर्यदेव | - | बौद्ध विद्वान |
| दिग्नाग | - | बौद्ध विद्वान |
| नाथमुनि | - | वैष्णव विद्वान |

आर्यदेव एक प्रमुख बौद्ध विद्वान थे जिन्होंने चतु:शतक बौद्ध ग्रंथ की रचना किया था। दिग्नाग 6वीं शताब्दी के महत्वपूर्ण बौद्ध विद्वान थे, जिन्हें बौद्ध धर्म में 'तर्कशास्त्र का प्रवर्तक' तथा 'मध्यकालीन न्याय का जनक' कहा जाता है। नाथमुनि 10वीं शताब्दी के महत्वपूर्ण वैष्णव विद्वान थे जिन्होंने 'श्री वैष्णव सम्प्रदाय' की स्थापना की।

57. **With reference to Indian history, consider the following statements:**
**भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
1. **The first Mongol invasion of India happened during the reign of Jalal-ud-din Khalji.**
**भारत पर पहला मंगोल आक्रमण जलालुद्दीन खिलज़ी के राज्यकाल में हुआ।**
2. **During the reign of Ala-ud-din Khalji, one Mongol assault marched up to Delhi and besieged the city.**
**अलाउद्दीन खिलज़ी के राज्य-काल में, एक मंगोल आक्रमण दिल्ली तक आ पहुँचा और उस शहर पर घेरा डाल दिया।**
3. **Muhammad-bin-Tughlaq temporarily lost portions of north-west of his kingdom to Mongols.**
**मुहम्मद-बिन-तुगलक मंगोलों से अपने राज्य के कुछ उत्तरी-पश्चिमी भाग अस्थायी रूप से हार गया था।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) 1 and 2/1 और 2
(b) 2 only/केवल 2
(c) 1 and 3/1 और 3
(d) 3 only/केवल 3

**Ans. (b) :** भारत पर पहला मंगोल आक्रमण बहराम शाह के शासनकाल में 1241 ई. में तायर के नेतृत्व में हुआ था। हालांकि इल्तुतमिश के काल में मंगोल आक्रमण का खतरा एक बार उत्पन्न हुआ किन्तु अंत में वह टल गया। अलाउद्दीन खिलजी के काल में मंगोल आक्रमण जो 1299 ई. में कुतुलुग ख्वाजा के नेतृत्व में हुआ जो दिल्ली तक पहुँच गया था। मुहम्मद बिन तुगलक के काल में मंगोल आक्रमण हुआ तो था किन्तु महम्मद बिन तुगलक मंगोलों से कोई क्षेत्र हारा नहीं था।

58. **With reference to Indian history, who of the following were known as "Kulah-Daran"?**
**भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन ''कुलाह-दारन'' कहलाते थे ?**
(a) Arab merchants/अरब व्यापारी
(b) Qalandars/कलंदर
(c) Persian calligraphists/फारसी खुशनवीसेक
(d) Sayyids/सय्यद

**Ans. (d) :** भारतीय इतिहास के संदर्भ में 'सय्यद' कुलाह-दारन कहलाते थे। सैय्यदों का मुस्लिम समाज में विशेष स्थान था। उन्हें पैगम्बर की बेटी फातिमा के माध्यम से पैंगंबर का वंशज होने का दावा किया गया था। सैय्यद वंश ने दिल्ली की सत्ता पर 1414-1451 तक शासन किया। सैय्यद वंश में कुल 4 शासक खिज्र खाँ, मुबारक शाह, मुहम्मद शाह और अलाउद्दीन हसनशाह हुए। इन्होंने कुल मिलाकर 37 वर्ष तक शासन किए।

59. **With reference to Indian history, consider the following statements:**
**भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

1. **The Dutch established their factories/ware house on the east coast on lands granted to them by Gajapati rulers.**
**डच लोगों ने पूर्वी तटीय क्षेत्रों में गजकपति शासकों द्वारा प्रदान की गई जमीनों पर अपनी फैक्टरियाँ/गोदाम स्थापित किए।**
2. **Alfonso de Albuquerque captured Goa from the Bijapur Sultanate.**
**अल्फोंसो दे अलबुकर्क ने बीजापुर सल्तनत से गोवा को छीन लिया था।**
3. **The English East India Company established a factory at Madras on a plot of land leased from a representative of the Vijayanagara empire.**
**अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास में विजयनगर साम्राज्य के एक प्रतिनिधि से पट्टे पर ली गई जमीन के एक प्लॉट पर फैक्टरी स्थापित की थी।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**
(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (b) :** अल्फोंसो दे अलबुकर्क ने 1510 ई. में बीजापुर के शासक आदिलशाह युसुफ से गोवा को छीन लिया, जो कालांतर में भारत में पुर्तगाली व्यापारिक केन्द्रों की राजधानी बनायी गयी। 1639 ई. में फ्रांसिस डे नामक अंग्रेज को चंदगिरी (विजयनगर) के राजा से मद्रास पट्टे पर प्राप्त हो गया। आगे चलकर यहीं पर अंग्रेजों ने फोर्ट सेंट जार्ज नामक किला और फैक्टरी की स्थापना की। पूर्वी तटीय क्षेत्रों में गजपति शासकों का काल 1434-1541 ई. तक रहा है, जबकि डच कंपनी की स्थापना 1602 ई. में होती है। अतः कथन 1 गलत है।

**60. According to Kautilya's Arthashastra which of the following are correct?**
**कौटिल्य अर्थशास्त्र के अनुसार, निम्नलिखित में कौन-से सही हैं?**
1. **A person could be a Slave as a result of a judicial punishment.**
**न्यायिक दंड के परिणामस्वरूप कोई व्यक्ति दास हो सकता था।**
2. **If a female slave bore her master a son, she was legally free.**
**स्त्री दास अपने मालिक के संसर्ग से पुत्र जनन पर कानूनी तौर पर मुक्त हो जाती थी।**
3. **If a son born of a female slave was fathered by her master, the son was entitled to the legal status of the master's son.**
**यदि स्त्री दास का मालिक उस स्त्री से पैदा हुए पुत्र का पिता हो, तो उस पुत्र को मालिक का पुत्र होने का कानूनी हक मिलता था।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**
(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (b) :** कौटिल्य ने अन्य प्रकार के दास बताए हैं। जिसमें ध्वजाहत, उदर-दास, गृहे-जात, क्रीत, दण्ड-प्रणीत (न्यायिक दंड) दायागत, लब्ध, आत्मविक्रिय एवं आहितक शामिल हैं। अर्थशास्त्र के अनुसार यदि स्वामी के सम्पर्क से दासी को पुत्र उत्पन्न हो जाये तो दासी तथा उनके पुत्र दोनों को ही दासता से मुक्ति मिल जाएगी। किन्तु यहाँ ध्यातव्य है कि यदि स्त्री दास का मालिक उस स्त्री से पैदा हुए पुत्र का पिता हो तो उस पुत्र को मालिक के पुत्र होने का कानूनी हक मिलता था। कौटिल्य अपने अर्थशास्त्र में दो प्रकार के न्यायालयों का उल्लेख करता है- धर्मस्थलीय तथा कण्टकशोधन। इन दोनों न्यायालयों द्वारा दण्ड पाये व्यक्ति को दास नहीं बनाया जा सकता था। कौटिल्य के अनुसार दास प्रमुख रूप दो प्रकार के (उदार दास और अहितक दास) होते थे। उदार दास आजीवन दास रहते थे इनकी मुक्ति नहीं हो सकती थी। अहितक दास ऋण के बदले गिरवी के रूप में होते थे इनकी मुक्ति संभव थी।

**61. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
1. **Tight monetary policy of US Federal Reserve could lead to capital flight.**
**US फेडरल रिजर्व की सख्त मुद्रा नीति पूँजी पलायन की ओर ले जा सकती है।**
2. **Capital flight may increase the interest cost of firms with existing External Commercial Borrowings (ECBs).**
**पूँजी पलायन वर्तमान विदेशी वाणिज्यिक ऋणग्रहण (External Commercial Borrowings (ECBs)) वाली फर्मों की ब्याज लागत को बढ़ा सकता है।**
3. **Devaluation of domestic currency decreases the currency risk associated with ECBs.**
**घरेलू मुद्रा का अवमूल्यन, ECBs से संबद्ध मुद्रा जोखिम को घटाता है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**
(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (*) :** देश का केंद्रीय बैंक सख्त मुद्रा नीति तब अपनाता है जब देश में बहुत ज्यादा मुद्रास्फीति हो अथवा कीमतें तेजी से बढ़ रही हों। इस नीति के अंतर्गत देश का केन्द्रीय बैंक अल्पकालिक ब्याज दरों को बढ़ाता है। अतः US फेडरल रिजर्व की सख्त मुद्रा नीति पूँजी पलायन की ओर ले जा सकती है। पूँजी पलायन नवीन (वर्तमान नहीं) विदेशी वाणिज्यिक ऋणग्रहण वाली फर्मों की ब्याज लागत को बढ़ा सकता है। अतः कथन (1) सत्य और कथन (2) असत्य हैं। घरेलू मुद्रा का अवमूल्यन ECBs से संबद्ध मुद्रा जोखिम को बढ़ाता है। अतः कथन (3) असत्य है।



Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

62. **Consider the following States:**
**निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिए :**

1. **Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश**
2. **Kerala/केरल**
3. **Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश**
4. **Tripura/त्रिपुरा**

**How many of the above are generally known as tea-producing States?**
**उपर्युक्त में से कितने आम तौर पर चाय-उत्पादक राज्य के रूप में जाने जाते हैं?**

(a) Only one State/केवल एक राज्य
(b) Only two States/केवल दो राज्य
(c) Only three States/केवल तीन राज्य
(d) All four States/सभी चारों राज्य

**Ans. (d) :** भारत में 15 राज्यों में चाय की खेती की जाती है जिसमें असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल प्रमुख चाय-उत्पादक राज्य हैं। ये कुल उत्पादन का 98% हिस्सा उत्पादित करते हैं। अन्य पारंपरिक राज्य जहां चाय की खेती की जाती है, त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश राज्य हैं। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम भारत के चाय के नक्शे में प्रवेश करने वाले गैर-पारंपरिक राज्यों मे शामिल हैं। अतः विकल्प (d) सही है। वर्ष 2020-21 में भारत में चाय का उत्पादन 1283 मिलियन किलोग्राम हुआ है। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम जिले में अरकू घाटी अपने चाय बागानों के लिए जानी जाती है।

63. **Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **In India, credit rating agencies are regulated by Reserve Bank of India.**
**भारत में, साख क्षमता-निर्धारण एजेंसियाँ (क्रेडिट रेटिंग एजेंसीज) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित होती हैं।**
2. **The rating agency popularly known as ICRA is a public limited company.**
**ICRA नाम से जानी जाने वाली क्षमता-निर्धारण एजेंसी एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी है।**
3. **Brickwork Ratings is an Indian credit rating agency.**
**ब्रिकवर्क रेटिंग्स एक भारतीय साख क्षमता-निर्धारण एजेंसी है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (b) :** भारत में, साख-क्षमता निर्धारण एजेंसियाँ (क्रेडिट रेटिंग एजेंसीज) सेबी द्वारा विनियमित होती है। अतः कथन (1) असत्य है। भारत में क्रेडिट रेटिंग एजेंसीज का विनियमन सेबी (क्रेडिट रेटिंग एजेंसीज) नियम, 1999 के अंतर्गत होता है। ICRA नाम से जानी जाने वाली क्रेडिट रेटिंग एजेंसी दिल्ली में स्थापित एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी है। ब्रिकवर्क रेटिंग्स सेबी में पंजीकृत एक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी है। अतः कथन (2) और (3) सत्य है।

64. **With reference to the 'Banks Board Bureau (BBB)', which of the following statements are correct?**
**'बैंक बोर्ड ब्यूरो (BBB)' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में कौन-से कथन सही हैं?**

1. **The Governor of RBI is the Chairman of BBB.**
**RBI का गवर्नर BBB का चेयरमैन होता है।**
2. **BBB recommends for the selection of heads for Public Sector Banks.**
**BBB, सार्वजनिक क्षेत्रक बैंकों के अध्यक्षों के चयन के लिए संस्तुति करता है।**
3. **BBB helps the Public Sector Banks in developing strategies and capital raising plans.**
**BBB, सार्वजनिक क्षेत्रक बैंको को कार्यनीतियों और पूँजी-वर्धन योजनाओं को विकसित करने में मदद करता है।**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (b) :** केन्द्र सरकार ने 23 मार्च 2016 को बैंक बोर्ड ब्यूरो की संरचना और कार्यों के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करते हुए राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1980 में संशोधन को अधिसूचित किया। तद्नुसार ब्यूरो ने 1 अप्रैल, 2016 से एक स्वायत्त संस्था के रूप में कार्य करना शुरु किया। बैंक बोर्ड ब्यूरो में चेयरमैन तीन पदेन सदस्य जिसमें लोक उद्यम विभाग सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग सचिव और रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया का उप-गवर्नर होते हैं। इसमें पांच विशेष सदस्य जिसमें से दो निजी क्षेत्र से हों, नियुक्त किये जाते हैं। बैंक बोर्ड ब्यूरो के अध्यक्ष की नियुक्ति मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति द्वारा की जाती है। अतः कथन (1) असत्य है। बैंक बोर्ड ब्यूरो के निम्नलिखित कार्य हैं–

- अनिवार्य संस्थानों (पूर्णकालिक निदेशकों और अध्यक्ष) में निदेशक मण्डल के चयन और नियुक्ति की सिफारिश करना।
- निदेशक मण्डल और वरिष्ठ प्रबंधन के स्तर पर अनिवार्य संस्थानों के वांछित प्रबंधन ढांचे पर केंद्र सरकार को सलाह देना।
- अधिदेशित संस्थानों के लिए उपमुक्त निष्पादन मूल्यांकन प्रणाली पर केंद्र सरकार को सलाह देना।
- अनिवार्य संस्थानों और उसके अधिकारियों के प्रदर्शन से संबंधित डेट युक्त डेटा बैंक का निर्माण करना।
- अनिवार्य संस्थानों में प्रबंधकीय कर्मियों के लिए आचार संहिता और नैतिकता के निर्माण और प्रवर्तन पर केंद्र सरकार को सलाह देना।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

- अधिदेशित संस्थानों में प्रबंधकीय कर्मियों के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम विकसित करने पर केंद्र सरकार को सलाह देना।

**65. With reference to Convertible Bonds, consider the following statements:**
**परिवर्तनीय बॉन्ड के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **As there is an option to exchange the bond for equity, Convertible Bonds pay a lower rate of interest.**
**चूँकि बॉन्ड को ईक्विटी के लिए बदलने का विकल्प है, परिवर्तनीय बॉन्ड अपेक्षाकृत कम ब्याज दर का भुगतान करते हैं।**
2. **The option to convert to equity affords the bondholder a degree of indexation to rising consumer prices.**
**ईक्विटी के लिए बदलने का विकल्प बॉन्ड-धारक को बढ़ती हुई उपभोक्ता कीमतों से सहलग्नता (इंडेक्सेशन) की मात्रा प्रदान करता है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans. (c) :** परिवर्तनीय बॉन्ड कॉर्पोरेट बॉन्डों में से एक है। परिवर्तनीय बॉन्ड का धारक इसे कंपनी के शेयरों में परिवर्तित कर सकता है। जब इस बॉन्ड का धारक इसे शेयर या इक्विटी में बदलता है तो वह शेयरधारक के समान अधिकारों का आनंद लेता है। यह बॉन्ड कॉर्पोरेट बॉन्ड की तुलना में कम ब्याज प्रदान करते हैं। परिवर्तनीय बॉन्ड को इक्विटी के लिए बदलने का विकल्प बॉण्ड-धारक को बढ़ती हुई उपभोक्ता कीमतों से सहलग्नता (इंडेक्सेशन) की मात्रा प्रदान करता है क्योंकि ईक्विटी की कीमतें निर्दिष्ट ब्याज से व्यापक रूप से भिन्न हो सकती हैं और इसमें अंतर को मुद्रास्फीति से बचाव के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। परिवर्तनीय बॉन्ड को एक निवेशक बॉन्ड की कालावधि के दौरान केवल कुछ निर्दिष्ट समय पर बान्ड को शेयर या इक्विटी में परिवर्तित कर सकता है।

**66. Consider the following:**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए :**

1. **Asian Infrastructure Investment Bank**
**एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक)**
2. **Missile Technology Control Regime**
**प्रक्षेपास्त्र प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था (मिसाइल टेक्नोलॉजी कन्ट्रोल रिजीम)**
3. **Shanghai Cooperation Organization**
**शंघाई सहयोग संगठन (शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाईजेशन)**

**India is a member of which of the above?**
**भारत उपर्युक्त में से किसका/किनका सदस्य है ?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 3 only/केवल 3
(c) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (d) :** 11 जनवरी, 2016 से भारत एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (Asian Infrastructure Investment Bank : AIIB) का सदस्य है। प्रक्षेपास्त्र प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था (Missile Technology Control Regime : MTCR) की स्थापना वर्ष 1987 में G-7 देशों द्वारा की गई थी। जून 2016 में भारत एमटीसीआर का अधिकारिक सदस्य बना। वर्तमान में एमटीसीआर में कुल 35 सदस्य हैं। शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की स्थापना 15 जून, 2001 को शंघाई, चीन में किया गया था। चीन, कजाख्स्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान इसके संस्थापक सदस्य देश हैं। जुलाई, 2005 में भारत को एससीओ के पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त हुआ। 9 जून, 2017 को भारत शंघाई सहयोग संगठन का पूर्णकालिक सदस्य बना। वर्तमान इस संगठन में आठ सदस्य देश सम्मिलित हैं और ईरान को 9वें सदस्य के रूप में मान्यता प्रदान करने की कार्यवाही चल रही है। अतः कथन 1, 2, 3, तीनों सही हैं।

**67. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **Vietnam has been one of the fastest growing economies in the world in the recent years.**
**हाल के वर्षों में वियतनाम विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा है।**
2. **Vietnam is led by a multi-party political system.**
**वियतनाम का नेतृत्व बहु-दलीय राजनीतिक प्रणाली के द्वारा होता है।**
3. **Vietnam's economic growth is linked to its integration with global supply chains and focus on exports.**
**वियतनाम का आर्थिक विकास विश्वव्यापी पूर्ति शृंखलाओं के साथ इसके एकीकरण और निर्यात पर मुख्य ध्यान होने से जुड़ा है।**
4. **For a long time Vietnam's low labour costs and stable exchange rates have attracted global manufacturers.**
**लंबे समय से वियतनाम की निम्न श्रम लागतों और स्थिर विनिमय दरों ने वैश्विक निर्माताओं को आकर्षित किया है।**
5. **Vietnam has the most productive e-service sector in the Indo-Pacific region.**
**हिंद-प्रशांत क्षेत्र का सर्वाधिक उत्पादक e-सेवा सेक्टर वियतनाम में है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं ?**

(a) 2 and 4/2 और 4
(b) 3 and 5/3 और 5
(c) 1, 3 and 4/1, 3 और 4
(d) 1 and 2/1 और 2

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Ans. (c) :** वर्ष 2020 में वियतनाम ने 2.9% की वार्षिक जीडीपी वृद्धि के साथ विश्व में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। वर्ष 2020 में वियतनाम विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं के शीर्ष 20 देशों में शामिल है। अतः कथन (1) सत्य है। वियतनाम की राजनीतिक संरचना समाजवादी गणतंत्रात्मक है जो एकदलीय राजनीतिक प्रणाली द्वारा संचालित होती है। अतः कथन (2) असत्य है। वियतनाम का आर्थिक विकास विश्वव्यापी पूर्ति शृंखलाओं के साथ इसके एकीकरण और निर्यात पर मुख्य ध्यान देने से जुड़ा है। विश्व बैंक के अनुसार लंबे समय से वियतनाम की निम्न श्रम लागतों और स्थिर विनिमय दरों ने वैश्विक निर्माताओं को आकर्षित किया है, जिससे वियतनाम में गरीबी की स्थिति में सुधार हुआ है। अतः कथन (3) और कथन (4) सत्य है। अंकटाड की वैश्विक ई- कॉमर्स रिपोर्ट के अनुसार हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में सर्वाधिक ई-वाणिज्य का उत्पादक देश जापान है। अतः कथन (5) असत्य है।

**68. In India, which one of the following is responsible for maintaining price stability by controlling Inflation?**
**भारत में, निम्नलिखित में कौन मुद्रास्फीति को नियंत्रित कर कीमत स्थिरता बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है?**

(a) Department of Consumer Affairs
उपभोक्ता मामले विभाग
(b) Expenditure Management Commission
व्यय प्रबंधन आयोग
(c) Financial Stability and Development Council
वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद्
(d) Reserve Bank of India/भारतीय रिजर्व बैंक

**Ans. (d) :** भारत में मुद्रास्फीति को नियंत्रित कर कीमत स्थिरता बनाए रखने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक मुख्य रूप से उत्तरदायी है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा साख नियंत्रण एवं तरलता समायोजन के तरीकों से मुद्रास्फीति को नियंत्रित करके कीमत स्थिरता बनायी रखी जाती है। साख नियंत्रण एवं तरलता समायोजन में परिमाणात्मक और गुणात्मक तरीके अपनाये जाते हैं। परिमाणात्मक तरीके में बैंक दर, रेपो रेट, रिवर्स रेपो रेट, खुले बाजार की क्रियाएं आदि आते हैं और गुणात्मक तरीकों में मार्जिन या न्यूनतम सीमा निर्धारण, साख मापदण्ड का निर्धारण, नैतिक दबाव विभेदक ब्याज दर आदि आते हैं।

**69. With reference to Non-Fungible Tokens (NFTs), consider the following statements:**
**नॉन-फंजिबल टोकेंस (Non-Fungible Tokens (NFTs)) के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. **They enable the digital representation of physical assets.**
**वे भौतिक परिसंपत्तियों के अंकीय निरूपण (डिजिटल रिप्रेजेंटेशन) को सुकर बनाते हैं।**
2. **They are unique cryptographic tokens that exist on a block chain.**
**वे अनन्य क्रिप्टोग्राफिक टोकेंस हैं जो किसी ब्लॉकचेन में विद्यमान हैं।**
3. **They can be traded or exchanged at equivalency and therefore can be used as a medium of commercial transactions.**
**उनका, तुल्यता पर, व्यापार या विनिमय किया जा सकता है और इसलिए उनका वाणिज्यिक लेन-देन के माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं ?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (a) :** नॉन-फंजिबल टोकेंस, जिन्हें आमतौर पर NFTs के रूप में जाना जाता है, अद्वितीय क्रिप्टोग्राफिक टोकेन है जो एक ब्लाकचेन पर विद्यमान होते हैं और जिन्हें अन्य समरूप इकाई द्वारा प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। यह एक विशिष्ट पहचान कोड तथा मेटाडेटा वाले टोकेन्स होते हैं। एनएफटी एक तरीके के डिजिटल टोकन होते हैं जिन्हें भौतिक चीजों यानी कि किसी पेंटिंग, गेम. म्यूजिक एलबम, मीम. ट्वीट आदि से अंकीय रूप में निरूपित किया जाता है। ये अनन्य क्रिप्टोग्राफिक टोकेंस हैं जो किसी ब्लाकचेन में विद्यमान हो सकते हैं। एनएफटी ब्लाकचेन पर ही आधारित क्रिप्टोकरेंसी से भिन्न होता है। प्रत्येक NFT एक-दूसरे से अलग या भिन्न मूल्य वाले होते हैं जबकि क्रिप्टोकरेंसी का मूल्य ब्लाकचेन में एक ही होता है। एनएफटी की अनन्य कीमत के आधार पर उनका वाणिज्यिक लेन-देन किया जाता है।

**70. Consider the following pairs:**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :**

| | Reservoirs<br>जलाशय | | State<br>राज्य |
|---|---|---|---|
| 1. | Ghataprabha<br>घाटप्रभा | - | Telangana<br>तेलंगाना |
| 2. | Gandhi Sagar<br>गांधी सागर | - | Madhya Pradesh<br>मध्य प्रदेश |
| 3. | Indira Sagar<br>इंदिरा सागर | - | Andhra Pradesh<br>आंध्र प्रदेश |
| 4. | Maithon<br>मैथोन | - | Chhattisgarh<br>छत्तीसगढ़ |

**How many pairs given above are not correctly matched?**
**उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित नहीं हैं ?**

(a) Only one pair/केवल एक युग्म
(b) Only two pairs/केवल दो युग्म
(c) Only three pairs/केवल तीन युग्म
(d) All four pairs/सभी चारों युग्म

**Ans. (c) :** सही सुमेलित जलाशय और राज्य निम्नलिखित हैं-

| जलाशय | | राज्य |
|---|---|---|
| घाट प्रभा | - | कर्नाटक |
| गांधी सागर | - | मध्य प्रदेश |
| इंदिरा सागर | - | मध्य प्रदेश |
| मैथोन | - | झारखण्ड |

**71. In India, which one of the following compiles information on industrial disputes, closures, retrenchments and lay-offs in factories employing workers?**
**भारत में, निम्नलिखित में कौन एक, उन फैक्टरियों में जिनमें कामगार नियुक्त हैं, औद्योगिक विवादों, समापनों, छँटनी और कामबंदी के विषय में सूचनाओं को संकलित करता है?**

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

(a) Central Statistics Office/केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय
(b) Department for Promotion of Industry and Internal Trade
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
(c) Labour Bureau/श्रम ब्यूरो
(d) National Technical Manpower Information System/राष्ट्रीय तकनीकी जनशक्ति सूचना प्रणाली

**Ans. (c) :** श्रम ब्यूरो द्वारा उन फैक्टरियों में जिनमें कामगार (न्यूनतम 10 आवश्यक) नियुक्त हैं वहाँ औद्योगिक विवादों, समापनों, छँटनी व कामबंदी के विषय में सूचनाओं को संकलित व जारी किया जाता है। 1 अक्टूबर, 1946 को श्रम ब्यूरो की स्थापना श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत एक संलग्न कार्यालय के रूप में किया गया।

- राज्यों में श्रम विभाग व क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) हड़ताल व तालाबंदी के कारण क्रमशः राज्य व केंद्रीय क्षेत्रों में काम रुकने के संबंध में प्रभावित प्राथमिक इकाइयों से बुनियादी जानकारी एकत्रित करते हैं।

**72. In India, what is the role of the coal Controller's Organization (CCO)?**
**भारत में, कोयला नियंत्रक संगठन (Coal Controller's Organization (CCO) की क्या भूमिका है?**

**1. CCO is the major source of Coal Statistics in Government of India.**
**CCO भारत सरकार में कोयला सांख्यिकी का प्रमुख स्रोत है।**
**2. It monitors progress of development of Captive Coal/Lignite blocks.**
**यह बद्ध कोयला/लिग्नाइट खंड के विकास की प्रगति को मॉनीटरन करता है।**
**3. It hears any objection to the Government's notification relating to acquisition of coal-bearing areas.**
**यह कोयलायुक्त क्षेत्रों के अधिग्रहण के संबंध में सरकार की अधिसूचना के प्रति किसी आपत्ति का अनुश्रवण करता है।**
**4. It ensure that coal mining companies deliver the coal to end users in the prescribed time.**
**यह सुनिश्चित करता है कि कोयला खनन कंपनियाँ विहित समय में अंतिम उपभोक्ताओं को कोयला वितरण करें।**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(b) 3 and 4 only/केवल 3 और 4
(c) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(d) 1, 2 and 4/1, 2 और 4

**Ans. (a) :** कोयला नियंत्रक संगठन की स्थापना वर्ष 1916 में की गयी थी।

- सांख्यिकी संग्रहण अधिनियम 2008 के तहत् कोयला नियंत्रक को कोयला व लिग्नाइट सांख्यिकी के संबंध में सांख्यिकी प्राधिकरण बनाया गया है, जो कि कोयला सांख्यिकी का प्रमुख स्रोत है।
- कोयला खान (संरक्षण व विकास) अधिनियम 1974 व 2011 के तहत कोयला नियंत्रक संगठन का बद्ध कोयला/लिग्नाइट खंड के विकास, संरक्षण व उपयोग के संबंध में अनुसंधान में प्रमुख भूमिका है।
- कोयला असर क्षेत्र (अधिग्रहण व विकास) अधिनियम 1957 के तहत् कोयला नियंत्रक, कोयला आधारित भूमि के अधिग्रहण से संबंधित केन्द्र सरकार की अधिसूचना पर किसी भी आपत्ति को सुनने व केन्द्र सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु सक्षम प्राधिकारी होता है।

**73. If a particular area is brought under the Fifth Schedule of the Constitution of India, which one of the following statements best reflects the consequence of it?**
**यदि किसी विशिष्ट क्षेत्र को भारत के संविधान की पाँचवी अनुसूची के अधीन लाया जाए, तो निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक, इसके परिणाम को सर्वोच्च रूप से प्रतिबिंबित करता है?**

(a) This would prevent the transfer of land of tribal people to non-tribal people.
इससे जनजातीय लोगों की जमीनें गैर-जनजातीय लोगों को अंतरित करने पर रोक लगेगी।
(b) This would create a local self-governing body in that area./इससे उस क्षेत्र में एक स्थानीय स्वशासी निकाय का सृजन होगा।
(c) This would convert that area into a Union Territory./इससे वह क्षेत्र संघ राज्यक्षेत्र में बदल जाएगा।
(d) The State having such areas would be declared a Special Category State./जिस राज्य के पास ऐसे क्षेत्र होंगे, उसे विशेष कोटि का राज्य घोषित किया जाएगा।

**Ans. (a) :** भारत के संविधान की 5वीं अनुसूची तथा अनु. 244(1) राज्यों के अनुसूचित क्षेत्र व जनजातियों के प्रशासन व नियंत्रण के संबंध में प्रावधान हैं। वर्तमान में 5वीं अनुसूची 10 राज्यों नामतः छत्तीसगढ़, झारखण्ड, मध्य-प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और ओडिशा के आदिवासी क्षेत्रों में लागू है।

- अनुसूची 5 स्थानीय समुदायों का लघु वन उत्पाद, जल व खनिजों पर अधिकार सुनिश्चित करती है। अतः यदि किसी विशिष्ट क्षेत्र को 5वीं अनुसूची के अधीन लाया जाये तो इससे जनजातीय लोगों की जमीनें गैर-जनजातीय लोगों को अंतरित करने पर रोक लगेगी।

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

**74. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **The India Sanitation Coalition is a platform to promote sustainable sanitation and is funded by the Government of India and the World Health Organization.**
   **भारत स्वच्छता गठबंधन धारणीय स्वच्छता को संवर्धित करने वाला प्लेटफॉर्म है और भारत सरकार तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इसका वित्तपोषण होता है।**
2. **The National Institute of Urban Affairs is an apex body of the Ministry of Housing and Urban Affairs in Government of India and provides innovative solutions to address the challenges of Urban India.**
   **राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान भारत सरकार में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय का शीर्षस्थ निकाय है, और यह शहरी भारत की चुनौतियों का समाधान करने के नवप्रवर्तक हल उपलब्ध कराता है।**

**Which of the statements given above is/are correct?/उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans. (d) :** भारत स्वच्छता गठबंधन 25 जून, 2015 को फिक्की, नई दिल्ली में शुरू किया गया था जो धारणीय स्वच्छता को संवर्धित करने वाला बहु-हितधारक मंच है। जो निजी क्षेत्र सरकार, वित्तीय संस्थानों, नागरिक समाज समूहों, मीडिया, ट्रस्ट, विशेषज्ञों आदि को एक साथ लाता है। ताकि स्वच्छता के क्षेत्र में सतत विकास हेतु कार्य किया जा सके। अतः कथन (1) असत्य है।

- राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान, सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के अन्तर्गत 1976 में स्थापित स्वायत्तशासी निकाय है। यह आवासन व शहरी कार्य मंत्रालय, राज्य सरकारों, शहरी व क्षेत्रीय विकास संस्थानों के साथ मिलकर शहरी भारत की चुनौतियों के समाधान हेतु शोध व तकनीकि के माध्यम से नवप्रवर्तक समाधान उपलब्ध करवाता है। यह आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की शीर्षस्थ निकाय नहीं है। अतः कथन (2) असत्य है। यह एक स्वावलंबी वैज्ञानिक और अनुसंधान संगठन के रूप में कार्य करता है साथ ही यह शहरीकरण पर अध्ययन करना, बढ़ावा देना तथा सहयोग करना भी इसके कार्यों में शामिल होता है।

**75. Which one of the following has been constituted under the Environment (Protection) Act, 1986?**
**निम्नलिखित में कौन-सा एक, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन गठित किया गया है?**

(a) Central Water Commission/केन्द्रीय जल आयोग
(b) Central Ground Water Board/केन्द्रीय भूजल बोर्ड
(c) Central Ground Water Authority
केन्द्रीय भूजल प्राधिकरण
(d) National Water Development Agency
राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण

**Ans. (c) :** पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम, 1986 की धारा 3(3) के तहत् गठित केंद्रीय भू-जल प्राधिकरण देश में भूजल विकास के विनियमन संबंधी विभिन्न गतिविधियों की निगरानी करता है।

- केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, जल शक्ति मंत्रालय का अधीनस्थ कार्यालय है, जिसकी स्थापना 1970 ई. में कृषि मंत्रालय के अंतर्गत की गयी थी।
- केन्द्रीय जल आयोग, जल शक्ति मंत्रालय के अन्तर्गत कार्य करता है, जिसकी स्थापना 1945 ई. में केन्द्रीय जलमार्ग सिंचाई व नेविगेशन आयोग के रूप में की गयी थी।
- राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण की स्थापना 1982 ई. में एक पंजीकृत सोसाइटी के रूप में किया गया था जो अब जल शक्ति मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

**76. With reference to the "United Nations Credentials Committee", consider the following statements:**
**''संयुक्त राष्ट्र प्रत्यय समिति (यूनाईटेड नेशंस क्रेडेंशियल्स कमिटी)'' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **It is a committee set up by the UN Security Council and works under its supervision.**
   **यह संयुक्त राष्ट्र (UN) सुरक्षा परिषद् द्वारा स्थापित समिति है और इसके पर्यवेक्षण के अधीन काम करती है।**
2. **It traditionally meets in March, June and September every year.**
   **पारंपरिक रूप से प्रति वर्ष मार्च, जून और सितंबर में इसकी बैठक होती है।**
3. **It assesses the credentials of all UN members before submitting a report to the General Assembly for approval.**
   **यह महासभा को अनुमोदन हेतु रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पूर्व सभी UN सदस्यों के प्रत्ययों का आकलन करती है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 3 only/केवल 3
(b) 1 and 3/1 और 3
(c) 2 and 3/2 और 3
(d) 1 and 2/1 और 2

**Ans. (a) :** संयुक्त राष्ट्र प्रत्यय समिति, संयुक्त राष्ट्र महासभा की समिति है, जिसका मुख्य कार्य सदस्य राज्यों के प्रतिनिधियों की साख या प्रत्ययों का आकलन करके महासभा के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करना है।

- प्रत्येक वर्ष संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्रारम्भ में एक साख या प्रत्यय समिति नियुक्त होती है, जिसमें 9 सदस्य होते हैं जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष के प्रस्ताव पर महासभा द्वारा नियुक्त किया जाता है। अतः कथन (1) असत्य है। पारंपरिक रूप से महासभा की बैठक प्रत्येक वर्ष सितंबर से दिसंबर तक होती है। इसी दौरान साख समिति की बैठक होती है। अतः कथन (2) असत्य है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**77. Which one of the following statements best describes the 'Polar Code'?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन 'ध्रुवीय कोड (Polar Code)' का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

(a) It is the international code of safety for ships operating in polar waters.
ध्रुवीय जलराशियों में परिचालन कर रहे जहाजों के लिए यह सुरक्षा का अंतर्राष्ट्रीय कोड है।

(b) It is the agreement of the countries around the North Pole regarding the demarcation of their territories in the polar region.
यह उत्तरी ध्रुव के आसपास के देशों का ध्रुवीय क्षेत्र में अपने राज्यक्षेत्रों के सीमांकन का समझौता है।

(c) It is a set of norms to be followed by the countries whose scientists undertake research studies in the North Pole and South Pole.
यह उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव में अनुसंधान करने वाले वैज्ञानिकों के देशों द्वारा अपनाए जाने वाले मानकों का समुच्चय है।

(d) It is a trade and security agreement of the member countries of the Arctic Council.
यह आर्कटिक कौंसिल के सदस्य देशों का व्यापारिक और सुरक्षा समझौता है।

**Ans. (a) :** 'ध्रुवीय कोड' ध्रुवीय जलराशियों में परिचालित जहाजों के लिये सुरक्षा का अन्तर्राष्ट्रीय कोड है।

- ध्रुवीय कोड में डिजाइन, निर्माण, उपकरण, परिचालन, प्रशिक्षण खोज व बचाव सहित दो ध्रुवों के आसपास चलने वाले जहाजों हेतु पर्यावरण संरक्षण जैसे तत्व शामिल हैं।
- ध्रुवीय कोड (संहिता) 1 जनवरी, 2017 को लागू किया गया। अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन का ध्रुवीय कोड समुद्र में जीवन की सुरक्षा हेतु अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन (SOLAS) व जहाजों से प्रदूषण की रोकथाम हेतु अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन (MARPOL) दोनों के तहत अनिवार्य है।

**78. With reference to the United Nations General Assembly, consider the following statements:**
**संयुक्त राष्ट्र महासभा के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **The UN General Assembly can grant observer status to the non-member States.**
**UN महासभा, गैर-सदस्य राज्यों को प्रेक्षक स्थिति प्रदान कर सकती है।**
2. **Inter-governmental organizations can seek observer status in the UN General Assembly.**
**अंतः सरकारी संगठन UN महासभा में प्रेक्षक स्थिति पाने का प्रयत्न कर सकते हैं।**
3. **Permanent Observers in the UN General Assembly can maintain missions at the UN headquarters.**
**UN महासभा में स्थायी प्रेक्षक UN मुख्यालय में मिशन बनाए रख सकते हैं।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं ?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (d) :** संयुक्त राष्ट्र महासभा गैर-सदस्य राज्यों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और अन्य संस्थाओं को स्थायी पर्यवेक्षक का दर्जा प्रदान कर सकती है। स्थायी पर्यवेक्षक का दर्जा विशुद्ध रूप से अभ्यास पर आधारित होता है, और संयुक्त राष्ट्र चार्टर में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। महासभा स्थायी पर्यवेक्षक का दर्जा उन राज्यों और अंतर-सरकारी संगठनों को ही प्रदान करती है, जिनकी गतिविधियाँ महासभा के हित के मामलों को कवर करती हों। अतः कथन (1) और (2) सही हैं।
इस प्रणाली की शुरुआत वर्ष 1946 में महासचिव ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में स्विस सरकार को स्थायी पर्यवेक्षक का दर्जा प्रदान करके किया।
वर्ष 2021 में अन्तर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन को पर्यवेक्षक का दर्जा दिया गया था।

- स्थायी पर्यवेक्षक महासभा के सत्रों और कामकाज में भाग ले सकते हैं एवं संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में मिशन बनाए रख सकते हैं। अतः कथन (3) सही है।

**79. With reference to the "Tea Board" in India, consider the following statements:**
**भारत में ''चाय बोर्ड'' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **The Tea Board is a statutory body.**
**चाय बोर्ड सांविधिक निकाय है।**
2. **It is a regulatory body attached to the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare.**
**यह कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से संलग्न नियामक निकाय है।**
3. **The Tea Board's Head Office is situated in Bengaluru.**
**चाय बोर्ड का प्रधान कार्यालय बेंगलुरू में स्थित है।**
4. **The Board has overseas offices at Dubai and Moscow.**
**इस बोर्ड के दुबई और मॉस्को में विदेशी कार्यालय हैं।**

**which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं ?**

(a) 1 and 3/1 और 3
(b) 2 and 4/2 और 4
(c) 3 and 4/3 और 4
(d) 1 and 4/1 और 4

**Ans. (d) :**

- चाय बोर्ड एक सांविधिक, निकाय है, जिसकी स्थापना चाय अधिनियम, 1953 की धारा 4 के तहत 1 अप्रैल, 1954 को की गयी थी।
- चाय बोर्ड, वाणिज्य मंत्रालय (भारत सरकार) से संलग्न नियामक निकाय है। बोर्ड का गठन 31 सदस्यों (अध्यक्ष सहित) से होता है, जो संसद सदस्यों, चाय उत्पादकों, चाय व्यापारियों, चाय दलालों, उपभोक्ताओं एवं प्रमुख चाय उत्पादक

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

राज्यों की सरकार के प्रतिनिधियों और ट्रेड यूनियनों से लिए जाते हैं। प्रत्येक तीन वर्ष में बोर्ड का पुनर्गठन किया जाता है। अतः कथन (2) असत्य है।

- चाय बोर्ड का प्रधान कार्यालय कोलकाता में स्थित है।
- चाय बोर्ड के दो विदेशी कार्यालय हैं जो दुबई व मॉस्को में स्थित हैं।

**80. Which one of the following best describes the term "greenwashing"?**
**निम्नलिखित में कौन-सा एक, ''ग्रीनवाशिंग'' शब्द का सर्वोत्तम वर्णन है ?**

(a) Conveying a false impression that a company's products are eco-friendly and environmentally sound
मिथ्या रूप से यह प्रभाव व्यक्त करना कि कंपनी के उत्पाद पारिस्थितिक-अनुकूली (ईको-फ्रेंडली) और पर्यावरणीय रूप से उपयुक्त हैं

(b) Non-inclusion of ecological/environmental costs in the Annual Financial Statements of a country
किसी देश के वार्षिक वित्तीय विवरणों में पारिस्थितिक/पर्यावरणीय लागतों को शामिल नहीं करना

(c) Ignoring the disastrous ecological consequences while undertaking infrastructure development/आधारिक संरचना विकसित करते समय अनर्थकारी पारिस्थितिक दुष्परिणामों की उपेक्षा करना

(d) Making mandatory provisions for environmental costs in a government project/programme/किसी सरकारी परियोजना/कार्यक्रम में पर्यावरणीय लागतों के लिए अनिवार्य उपबंध करना

**Ans. (a) :** ''ग्रीनवाशिंग'' शब्द मिथ्या धारणा व्यक्त करने से संबंधित है, जिसके अन्तर्गत किसी कंपनी द्वारा उत्पाद को पारिस्थितिकी के अनुकूल (ईको-फ्रेंडली) बताने का निराधार दावा किया जाता है।

- ग्रीनवाशिंग को 'ग्रीन शीन' नाम से भी जाना जाता है।

**81. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**1. High clouds primarily reflect solar radiation and cool the surface of the Earth.**
**उच्च मेघ मुख्यतः सौर विकिरण को परावर्तित कर भूपृष्ठ को ठंडा करते हैं।**

**2. Low clouds have a high absorption of infrared radiation emanating from the Earth's surface and thus cause warming effect.**
**भूपृष्ठ से उत्सर्जित होने वाली अवरक्त विकिरणों का निम्न मेघ में उच्च अवशोषण होता है, और इससे तापन प्रभाव होता है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**Ans. (d) :** निम्न घने मेघ मुख्य रूप से सौर विकिरण को परावर्तित कर पृथ्वी के भूपृष्ठ को ठंडा करते हैं। अतः कथन (1) असत्य है। भूपृष्ठ से उत्सर्जित होने वाले अवरक्त विकिरणों का उच्च मेघ द्वारा अवशोषण होता है और उच्च मेघ इस विकिरण ऊष्मा को पुनः पृथ्वी पर वापस भेज देते हैं जिससे पृथ्वी की सतह गर्म हो जाती है। अतः कथन (2) भी असत्य है।

**82. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**1. Bidibidi is a large refugee settlement in north-western Kenya.**
**उत्तरी-पश्चिमी केन्या में बीड़ीबीड़ी एक वृहद् शरणार्थी बस्ती है।**

**2. Some people who fled from South Sudan civil war live in Bidibidi.**
**दक्षिण सूडान गृह युद्ध में पलायन किए हुए कुछ लोग बीड़ीबीड़ी में रहते हैं।**

**3. Some people who fled from civil war in Somalia live in Dadaab refugee complex in Kenya.**
**सोमालिया के गृह युद्ध से पलायन किए हुए कुछ लोग केन्या के ददाब शरणार्थी संकुल में रहते हैं।**

**which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 and 2/1 और 2
(b) 2 only/केवल 2
(c) 2 and 3/2 और 3
(d) 3 only/केवल 3

**Ans. (c) :** उत्तर-पश्चिम युगांडा में बीडीबीडी एक वृहद् शरणार्थी बस्ती है। इस बस्ती में दक्षिणी सूडान के लगभग 2,70,000 शरणार्थी हैं जो दक्षिणी सूडान में चल रहे गृह-युद्ध के कारण विस्थापित हुए हैं। अतः कथन (1) असत्य और कथन (2) सत्य है। सोमालिया के गृह युद्ध से पलायन किये हुए कुछ लोग केन्या के ददाब शरणार्थी संकुल में रहते हैं। अतः कथन (3) सत्य है।

**83. Consider the following countries:**
**निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए :**

**1. Armenia/आर्मीनिया**
**2. Azerbaijan/अजरबैजान**
**3. Croatia/क्रोएशिया**
**4. Romania/रोमानिया**
**5. Uzbekistan/उज्बेकिस्तान**

**Which of the above are members of the Organization of Turkic States?**
**उपर्युक्त में से कौन-से तुर्की राज्यों के संगठन के सदस्य हैं?**

(a) 1, 2 and 4/1, 2 और 4
(b) 1 and 3/1 और 3
(c) 2 and 5/2 और 5
(d) 3, 4 and 5/3, 4 और 5

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Ans. (c) :** वर्ष 2009 में तुर्की राज्यों के संगठन की स्थापना की गई। इस संगठन के चार संस्थापक सदस्य क्रमशः अजरबैजान, कजाख्स्तान, किर्गिस्तान और तुर्की थे। इस संगठन के 7 वें सम्मेलन (बाकू में) के दौरान उज्बेकिस्तान को 5 वें सदस्य का दर्जा प्रदान किया गया। वर्तमान में इस संगठन के 5 सदस्य देश और दो पर्यवेक्षक देश (हंगरी और तुर्कमेनिस्तान) हैं। इस संगठन का 8वां सम्मेलन नवंबर, 2021 में इस्तांबुल (तुर्की) में हुआ था जिसमें तुर्कमेनिस्तान को पर्यवेक्षक देश का दर्जा प्रदान किया गया।

**84. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. **Gujarat has the largest solar park in India.**
   **गुजरात में भारत का विशालतम सौर पार्क है।**
2. **Kerala has a fully solar powered International Airport.**
   **केरल में पूर्णतः सौर शक्तिकृत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है।**
3. **Goa has the largest floating solar photovoltaic project in India.**
   **गोवा में भारत की विशालतम तैरती हुई सौर प्रकाश-वोल्टीय परियोजना है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 and 2/1 और 2
(b) 2 only/केवल 2
(c) 1 and 3/1 और 3
(d) 3 only/केवल 3

**Ans. (b) :** राजस्थान में स्थित भादला सोलर पार्क विश्व का सबसे बड़ा सोलर पार्क है। इसकी स्थापना 14000 एकड़ में 10 मिलियन सोलर पैनल लगाकर की गई है। इसकी परिचालन क्षमता 2245 मेगावॉट है।
अतः कथन (1) असत्य है। केरल का कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (कोच्चि, केरल) पूर्णतः सौर ऊर्जा से संचालित भारत का पहला हवाई अड्डा है। अतः कथन (2) सत्य है। एनटीपीसी द्वारा आन्ध्र प्रदेश के सिम्हाद्री थर्मल पॉवर प्लांट में भारत की सबसे बड़ी तैरती सौर प्रकाश-वोल्टीय परियोजना की स्थापना की गई है। अतः कथन (3) असत्य है।

**85. With reference to the United Nations Convention on the Law of Sea, consider the following statements:**
**समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (यूनाइटेड नेशंस कन्वेंशन) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **A coastal state has the right to establish the breadth of its territorial sea up to a limit not exceeding 12 nautical miles, measured from baseline determined in accordance with the convention.**
   **किसी तटीय राज्य को, अपने प्रादेशिक समुद्र की चौड़ाई को, आधार-रेखा से मापित, 12 समुद्री मील से अनधिक सीमा तक अभिसमय के अनुरूप सुस्थापित करने का अधिकार है।**
2. **Ships of all states, whether coastal or land-locked, enjoy the right of innocent passage through the territorial sea.**
   **सभी राज्यों के, चाहे वे तटीय हों या भू-बद्ध भाग के हों, जहाजों को प्रादेशिक समुद्र से होकर बिना रोक-टोक यात्रा का अधिकार होता है।**
3. **The Exclusive Economic Zone shall not extend beyond 200 nautical miles from the baseline from which the breadth of the territorial sea is measured.**
   **अनन्य आर्थिक क्षेत्र का विस्तार उस आधार-रेखा से 200 समुद्री मील से अधिक नहीं होगा, जहाँ से प्रादेशिक समुद्र की चौड़ाई मापी जाती है।**

**Which of the statements given above are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं ?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (d) :** समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय के अनुसार निम्नलिखित सत्य हैं-
- किसी तटीय राज्य को, अपने प्रादेशिक समुद्र की चौड़ाई को, आधार रेखा से मापित, 12 समुद्री मील से अनधिक सीमा तक अभिसमय के अनुरूप सुस्थापित करने का अधिकार है।
- सभी राज्यों के, चाहे वे तटीय हो या भू-बद्ध भाग के हो, जहाजों को प्रादेशिक समुद्र से होकर बिना रोक-टोक यात्रा का अधिकार होता है।
- अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) का विस्तार उस आधार - रेखा से 200 समुद्री मील से अधिक नहीं होगा, जहाँ से प्रादेशिक समुद्र की चौड़ाई मापी जाती है। इसमें तटीय देशों को सभी प्राकृतिक संसाधनों की खोज, दोहन, संरक्षण और प्रबंधन का संप्रभु अधिकार होता है। अतः कथन (1), (2) और (3) सभी सत्य हैं।

**86. Which one of the following statements best reflects the issue with Senkaku Islands, sometimes mentioned in the news?**
**निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक, कभी-कभी समाचारों में उल्लिखित सेंकाकू द्वीप विवाद को सर्वोत्तम रूप में प्रतिबिंबित करता है?**

(a) It is generally believed that they are artificial islands made by a country around South China Sea.
आम तौर पर यह माना जाता है कि वे दक्षिणी चीन सागर के आसपास किसी देश द्वारा निर्मित कृत्रिम द्वीप हैं।
(b) China and Japan engage in maritime disputes over these islands in East China Sea.
चीन और जापान के बीच पूर्वी चीन सागर में इन द्वीपों के विषय में समुद्री विवाद होता रहता है।
(c) A permanent American military base has been set up there to help Taiwan to increase its defence capabilities.
वहाँ ताइवान को अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में मदद करने के लिए एक स्थायी अमेरिकी सैन्य अड्डा स्थापित किया गया है।

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com

(d) Though International Court of Justice declared them as no man's land, some South-East Asian countries claim them.
यद्यपि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने उन्हें अस्वामिक भूमि घोषित किया है, तथापि कुछ दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश उन पर दावा करते हैं।

**Ans. (b) :** सेंकाकू द्वीप विवाद, चीन और जापान के बीच पूर्वी चीन सागर में इन द्वीपों के विषय में समुद्री विवाद को संदर्भित करता है। सेनकाकू द्वीप विवाद निर्जन द्वीपों संबंधी एक क्षेत्रीय विवाद है।

**87. Consider the following pairs:**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :**

| | Country/देश | | Important reason for being in the news recently/हाल ही में समाचारों में होने का महत्वपूर्ण कारण |
|---|---|---|---|
| 1. | Chad/चाड | - | Setting up of permanent military base by China/चीन द्वारा स्थायी सैन्य बेस की स्थापना |
| 2. | Guinea गिनी | - | Suspension of Constitution and government by military/सेना द्वारा संविधान और सरकार का निलंबन |
| 3. | Lebanon लेबनान | - | Severe and prolonged economic depression/गंभीर और लंबे समय की आर्थिक मंदी |
| 4. | Tunisia ट्यूनीशिया | - | Suspension of Parliament by President/राष्ट्रपति द्वारा संसद का निलंबन |

**How many pairs given above are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में कितने सही सुमेलित हैं?**
(a) Only one pair/केवल एक युग्म
(b) Only two pairs/केवल दो युग्म
(c) Only three pairs/केवल तीन युग्म
(d) All four pairs/सभी चारों युग्म

**Ans. (c) :** अमेरिकी इंटेलिजेंस रिपोर्ट के अनुसार, चीन अपना पहला स्थायी सैन्य अड्डा मध्य अफ्रीकी देश इक्वेटोरियल गिनी में स्थापित करने जा रहा है। अमेरिका के आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार चाड में चीन का कोई स्थायी सैन्य अड्डा नहीं है। अतः युग्म (1) असत्य है। सितंबर, 2021 में गिनी की स्पेशल फोर्स ने राष्ट्रपति अल्फा कोण्डे को पकड़कर संविधान और सरकार का निलंबन करके सैन्य शासन की घोषणा कर दी थी। विश्व बैंक के अनुसार, लेबनान में गंभीर और लंबे समय की आर्थिक मंदी छायी है जिससे वहाँ की 74% जनसंख्या प्रभावित है। मार्च 2022 में ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति कैस सईद द्वारा संसद का निलंबन कर दिया गया। अतः युग्म (2),(3), और (4) सत्य हैं।

**88. Consider the following pairs:**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :**

| | Region often mentioned in the news/अक्सर समाचारों में उल्लिखित क्षेत्र | | Country/देश |
|---|---|---|---|
| 1. | Anatolia/अनातोलिया | - | Turkey/तुर्की |
| 2. | Amhara/अम्हारा | - | Ethiopia इथियोपिया |
| 3. | Cabo Delgado काबो डेलगादो | - | Spain/स्पेन |
| 4. | Catalonia/कातालोनिया | - | Italy/इटली |

**How many pairs given above are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में कितने सही सुमेलित हैं?**
(a) Only one pair/केवल एक युग्म
(b) Only two pairs/केवल दो युग्म
(c) Only three pairs/केवल तीन युग्म
(d) All four pairs/सभी चारों युग्म

**Ans. (b) :** सही सुमेल इस प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| 1. अनातोलिया | - | तुर्की |
| 2. अम्हारा | - | इथियोपिया |
| 3. काबो डेलगादो | - | मोजाम्बिक |
| 4. कातालोनिया | - | स्पेन |

अतः केवल दो युग्म सुमेलित हैं।

**89. With reference to Indian laws about wildlife protection, consider the following statements:**
**वन्यजीव संरक्षण के बारे में भारतीय विधियों के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
1. **Wild animals are the sole property of the government.**
**वन्यजीव, एकमात्र सरकार की संपत्ति है।**
2. **When a wild animal is declared protected, such animal is entitled for equal protection whether it is found in protected areas or outside.**
**जब किसी वन्यजीव को संरक्षित घोषित किया जाता है, तो यह जीव चाहे संरक्षित क्षेत्र में हो या उससे बाहर, समान संरक्षण का हकदार है।**
3. **Apprehension of a protected wild animal becoming a danger to human life is sufficient ground for its capture or killing.**
**किसी संरक्षित वन्यजीव के मानव जीवन के लिए खतरा बन जाने की आशंका उस जीव को पकड़ने या मार दिए जाने का पर्याप्त आधार है।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) 1 and 2/1 और 2 (b) 2 only/केवल 2
(c) 1 and 3/1 और 3 (d) 3 only/केवल 3

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Ans. (b) :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48(A) के अनुसार, पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना तथा देश के वनों और वन्यजीव की रक्षा करना, राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांतों में शामिल है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा-39 के अनुसार, वन्यजीव को सरकार की संपत्ति माना गया है जिसमें वन्य जीव, वन उत्पादन तथा वन शामिल है। अतः कथन (1) सत्य नहीं है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के अनुसार जब किसी वन्यजीव को संरक्षित घोषित किया जाता है, तो वह जीव चाहे संरक्षित क्षेत्र में हो या उससे बाहर समान संरक्षण प्राप्त करता है। अतः कथन (2) सत्य है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 11 के अनुसार, किसी संरक्षित वन्यजीव के मानव जीवन के लिए खतरा बन जाने की आशंका अगर संबंधित राज्य सरकार द्वारा की जाती है तो मुख्य वन्यजीव संरक्षक के संतुष्ट होने पर उसको पकड़ने या मार दिये जाने के पर्याप्त आधार हैं। अतः कथन (3) असत्य हैं।

**90. Certain species of which one of the following organisms are well known as cultivators of fungi?**
**निम्नलिखित में से किस एक जीव की कुछ प्रजातियाँ कवकों के कृषकों के रूप में जानी जाती हैं?**

(a) Ant/चींटी (b) Cockroach/कॉक्रोच
(c) Crab/केकड़ा (d) Spider/मकड़ी

**Ans. (a) :** चीटियों की कुछ प्रजातियों को कवकों के कृषक के रूप में जाना जाता है। लीफकटर (leafcutter) चींटी को अमेरिका और कैरेबियन देशों में कवकों के कृषक के रूप में जाना जाता है।

**91. Consider the following pairs :**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :**

| | Site of Ashoka's major rock edicts/अशोक के प्रमुख शिलालेखों के स्थान | | Location in the State of/वह स्थान जिस राज्य में है |
|---|---|---|---|
| 1. | Dhauli/धौली | - | Odisha/ओडिशा |
| 2. | Erragudi/एर्रगुडी | - | Andhra Pradesh आंध्र प्रदेश |
| 3. | Jaugada/जौगड़ | - | Madhya Pradesh मध्य प्रदेश |
| 4. | Kalsi/कालसी | - | Karnataka कर्नाटक |

**How many pairs given above are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

(a) Only one pair/केवल एक युग्म
(b) Only two pairs/केवल दो युग्म
(c) Only three pairs/केवल तीन युग्म
(d) All four pairs/सभी चारों युग्म

**Ans. (b) :** सही सुमेलन है–

| अशोक के प्रमुख शिलालेख के स्थान | वह स्थान जिस राज्य में है |
|---|---|
| धौली | - पुरी (ओडिशा) |
| एर्रगुडी | - कुरनूल (आंध्र प्रदेश) |
| जौगड़ | - गंजाम (ओडिशा) |
| कालसी | - देहरादून (उत्तराखण्ड) |

अशोक के धौली अभिलेख को 1837 ई0 में किटो ने खोजा था। एर्रगुडी अभिलेख को 1929 ई0 में अणुघोष ने खोजा था। जौगड़ अभिलेख को 1850 ई0 में वाल्टर इलियट ने खोजा था। कालसी अभिलेख को 1860 ई0 में फोरेस्ट ने खोजा था। अशोक का सबसे नवीनतम वृहद शिलालेख 1989 ई0 में सन्नति (कर्नाटक) से खोजा गया है।

**92. Consider the following pairs:**
**निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| | King/राजा | | Dynasty/राजवंश |
|---|---|---|---|
| 1. | Nannuka नान्नुक | - | Chandela/चंदेल |
| 2. | Jayashakti जयशक्ति | - | Paramara/परमार |
| 3. | Nagabhata II नागभट्ट द्वितीय | - | Gurjara-Pratihara गुर्जर प्रतिहार |
| 4. | Bhoja/भोज | - | Rashtrakuta/राष्ट्रकूट |

**How many pairs given above are correctly matched?**
**उपर्युक्त युग्मों में कितने सही सुमेलित हैं?**

(a) Only one pair/केवल एक युग्म
(b) Only two pairs/केवल दो युग्म
(c) Only three pairs/केवल तीन युग्म
(d) All four pairs/सभी चारों युग्म

**Ans. (b) :** व्याख्या - सही सुमेलन है-

| राजा | | राजवंश |
|---|---|---|
| नान्नुक | - | चंदेल |
| जयशक्ति | - | चंदेल |
| नागभट्ट द्वितीय | - | गुर्जर-प्रतिहार |
| भोज | - | गुर्जर -प्रतिहार/परमार |

चंदेल वंश की स्थापना 831 ई0 के लगभग नान्नुक ने की थी। इस वंश के तीसरे शासक जयशक्ति के नाम पर ही इनके क्षेत्र का नाम जेजाकभुक्ति पड़ा। नागभट्ट द्वितीय और भोज गुर्जर प्रतिहार वंश के महत्वपूर्ण शासक थे। भोज नामक एक अन्य शासक परमार वंश में भी हुआ था।

**93. Which one of the following statements about Sangam literature in ancient South India is correct?**
**प्राचीन दक्षिण भारत में संगम साहित्य के बारे में, निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक सही है?**

(a) Sangam poems are devoid of any reference to material culture.
संगम कविताओं में भौतिक संस्कृति का कोई सन्दर्भ नहीं है।
(b) The social classification of Varna was known to Sangam poets.
वर्ण का सामाजिक वर्गीकरण संगम कवियों को ज्ञात था।
(c) Sangam poems have no reference to warrior ethic.
संगम कविताओं में समर शौर्य का कोई सन्दर्भ नहीं है।
(d) Sangam literature refers to magical forces as irrational.
संगम साहित्य में जादुई ताकतों को असंगत बताया गया है।

Free Content Available at Linking Laws website



www.LinkingLaws.com

**Ans. (b) :** संगम साहित्य धर्मनिरपेक्ष साहित्य है तथा यह साहित्य हमारे समक्ष आर्य तथा द्रविण संस्कृतियों के समन्वय का चित्र उपस्थित करता है। संगम कालीन तमिल समाज उत्तर भारतीय समाज के भाँति वर्गभेद पर आधारित था। हालांकि चातुर्वर्ण व्यवस्था पर आधारित सामाजिक विभाजन स्पष्ट रूप से देखने को नहीं मिलता, फिर भी संगमकालीन समाज अप्रत्यक्ष रूप से 4 वर्गों में विभाजित दिखाई देता है, जो अण्डनार (ब्राह्मण), अरसर (शासक वर्ग) वेनिगर (वणिक वर्ग) और बल्लाल (किसान) के रूप में मौजूद था।

**94. "Yogavasistha" was translated into Persian by Nizamuddin Panipati during the reign of:**
**किसके राज्यकाल में ''योगवशिष्ठ'' का निजामुद्दीन पानीपति द्वारा फारसी में अनुवाद किया गया?**

(a) Akbar/अकबर (b) Humayun/हुमायुँ
(c) Shahjanhan/शाहजहाँ (d) Aurangzeb/औरंगजेब

**Ans. (a) :** योगवशिष्ठ पुस्तक का फारसी में अनुवाद मुख्यतः दो लोगों ने किया है। अकबर के काल में योगवशिष्ठ का फारसी में अनुवाद निजामुद्दीन पानीपति ने किया था जबकि शाहजहाँ के काल में योगवशिष्ठ का फारसी अनुवाद दारा शिकोह ने किया था। दारा शिकोह ने 52 उपनिषदों का फारसी अनुवाद 'सिर्र-ए-अकबर' नाम से किया। उन्होंने भगवत गीता का भी फारसी में अनुवाद किया था। अकबर के काल में अनुवाद विभाग की स्थापना की गयी थी, जिसका मुख्य कार्य प्रमुख ग्रंथों का फारसी में अनुवाद करना था।

**95. The world's second tallest statue in sitting pose of Ramanuja was inaugurated by the Prime Minister of India at Hyderabad recently. Which one of the following statements correctly represents the teachings of Ramanuja?**
**हाल ही में हैदराबाद में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा रामानुज की आसन मुद्रा में विश्व की दूसरी सबसे ऊँची मूर्ति का उद्घाटन किया गया था। निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक, रामानुज की शिक्षाओं को सही निरूपित करता है?**

(a) The best means of salvation was devotion.
मोक्ष प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन भक्ति था।
(b) Vedas are eternal, self-existent and wholly authoritative.
वेद शाश्वत, आत्म-प्रतिष्ठित तथा पूर्णतया प्रामाणिक है।
(c) Logical arguments were essential means for the highest bliss.
तर्कसंगत युक्तियाँ सर्वोच्च आनंद के मौलिक माध्यम थे।
(d) Salvation was to be obtained through meditation.
ध्यान के माध्यम से मोक्ष पाया जा सकता था।

**Ans. (a) :** भक्ति आंदोलन को दार्शनिक आधार रामानुजाचार्य ने दिया। रामानुजाचार्य सगुण ईश्वर में विश्वास करते थे तथा भक्ति मार्ग को मोक्ष का साधन मानते थे। इन्होंने विशिष्ट द्वैत दर्शन का प्रतिपादन किया तथा वैष्णव धर्म को एक दार्शनिक आधार प्रदान किया। शंकर ने जहाँ ब्रह्म को सत्य तथा शेष जगत को मिथ्या माना था, वहीं रामानुज के अनुसार जीव आनन्दमय, चैतन्यमय स्वयं प्रकाशित तथा वैशिष्टपूर्ण है तथा जगत मिथ्या न होकर सत्य सृष्टि है। रामानुज के अनुसार ब्रह्म जीव तथा जगत तीनों में एक विशिष्ट सम्बंध है तथा तीनों सत्य हैं।

**96. The Prime Minister recently inaugurated the new Circuit House near Somnath Temple at Veraval. Which of the following statements are correct regarding Somnath Temple?**
**हाल ही में, प्रधानमंत्री ने वेरावल में सोमनाथ मंदिर के निकट नए सर्किट हाउस का उद्घाटन किया। सोमनाथ मन्दिर के बारे में निम्नलिखित कथनों में कौन-से सही है?**

1. **Somnath Temple is one of the Jyotirlinga shrines.**
**सोमनाथ मंदिर ज्योतिर्लिंग देव-मंदिरों में से एक है।**
2. **A description of Somnath Temple was given by Al-Biruni.**
**अल-बरूनी ने सोमनाथ मंदिर का वर्णन किया है।**
3. **Pran Pratishtha of Somnath Temple (installation of the present day temple) was done by President S. Radhakrishnan.**
**सोमनाथ मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा (आज के मंदिर की स्थापना) राष्ट्रपति एस. राधाकृष्णन द्वारा की गई थी।**

**Select the correct answer using the code given below:**
**नीचे दिए कूट का प्रयोग सही उत्तर चुनिए:**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (a) :** भारत के 12 ज्योतिर्लिंग देव मंदिरों में गुजरात के सोमनाथ मंदिर का महत्वपूर्ण स्थान है। महमूद गजनवी ने 1025 ई0 में अपने 15वें आक्रमण में इस मंदिर को लूटा था। जिसका वर्णन अलबरुनी भी करता है। महमूद के चले जाने के बाद इस मंदिर का पुनर्निर्माण भीम प्रथम ने करवाया था। सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा (आज के मंदिर की स्थापना) भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद ने किया था।

**97. Which one of the following statements best describes the role of B cells and T cells in the human body?**
**निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक, मानव शरीर में B कोशिकाओं और T कोशिकाओं की भूमिका का सर्वोत्तम वर्णन है?**

(a) They protect the body from environmental allergens.
वे शरीर को पर्यावरणीय प्रत्यूर्जकों (एलर्जनों) से संरक्षित करती हैं।
(b) They alleviate the body's pain and inflammation.
वे शरीर के दर्द और सूजन का अपशमन करती हैं।
(c) They act as immuno-suppressant's in the body. वे शरीर में प्रतिरक्षा-निरोधकों की तरह काम करती हैं।
(d) They protect the body from the diseases caused by pathogens.
वे शरीर को रोगजनकों द्वारा होने वाले रोगों से बचाती हैं।



Free Content Available at Linking Laws website
www.LinkingLaws.com

**Ans. (d) :** मानव शरीर में श्वेत रुधिर कोशिकाएं (लिम्फोसाइट्स) शरीर की प्रतिरक्षात्मक तन्त्र की मुख्य कोशिकाएं होती हैं। मानव शरीर के प्रतिरक्षात्मक तंत्र की लिम्फोसाइट कोशिकाएँ मुख्य रूप से दो प्रकार की होती हैं। B कोशिका एवं T कोशिकाएं अस्थिमज्जा में बनती हैं। B कोशिकाएँ अस्थि मज्जा में परिपक्व होती हैं, जबकि T कोशिकाएँ थाइमस में परिपक्व होती हैं। जब कभी शरीर को अधिक परिष्कृत हमले (बैक्टीरिया, वायरस आदि के हमले के विरुद्ध) की आवश्यकता होती है, तब वह अपने B और T कोशिकाओं की तरफ मुड़ जाता है। इस प्रकार ये कोशिकाएँ रोगजनकों द्वारा होने वाले रोगों से बचाती हैं।

**98. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. **Other than those made by humans, nanoparticles do not exist in nature.**
**परासूक्ष्मकण (नैनोपार्टिकल्स), मानव-निर्मित होने के सिवाय, प्रकृति में अस्तित्व में नहीं है।**
2. **Nanoparticles of some metallic oxides are used in the manufacture of some cosmetics.**
**कुछ धात्विक ऑक्साइडों के परासूक्ष्मकण, प्रसाधन-सामग्री (कॉस्मेटिक्स) के निर्माण में काम आते हैं।**
3. **Nanoparticles of some commercial products which enter the environment are unsafe for humans.**
**कुछ वाणिज्यिक उत्पादों के परासूक्ष्मकण, जो पर्यावरण में आ जाते हैं, मनुष्यों के लिए असुरक्षित हैं।**

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1 (b) 3 only/केवल 3
(c) 1 and 2/1 और 2 (d) 2 and 3/2 और 3

**Ans. (d) :** नैनोपार्टिकल्स अतिसूक्ष्म कण होते हैं, जिनका आकार 1 नैनोमीटर से 100 नैनोमीटर के बीच होता है। नैनोपार्टिकल्स मानव निर्मित (फुलरीन) होने के साथ-साथ प्रकृति (सिलिका, एवं मेटल नैनोपार्टिकल्स) में भी अस्तित्व में होते हैं। कुछ मेटल ऑक्साइड नैनोपार्टिकल्स का प्रयोग प्रसाधन सामग्री जैसे लिपिस्टिक, सनस्क्रीन क्रीम, आदि बनाने के लिए किया जाता है। इन वाणिज्यिक उत्पादों के नैनोकण जब किसी कारण से वातावरण में आते हैं तो ये मानव की त्वचा के संपर्क में आकर त्वचा में प्रवेश कर जाते हैं और खून में मिल जाते हैं तथा हीमोग्लोबिन को प्रभावित करते हैं इससे त्वचा कैंसर का खतरा उत्पन्न होता है। ये नैनो कण कभी-कभी हमारे डीएनए को भी विकृत कर सकते हैं जो मानव जाति के लिए असुरक्षित हैं।

**99. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
**DNA Bar-coding can be a tool to ?**
**DNA बारकोडिंग किसका उपसाधन हो सकता है?**

1. **Assess the age of a plant of animal.**
**किसी पादप या प्राणी की आयु का आकलन करने के लिए**
2. **Distinguish among species that look alike.**
**समान दिखने वाले प्रजातियों के बीच भिन्नता जानने के लिए**
3. **Identify undesirable animal or plant materials in processed foods.**
**प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में अवांछित प्राणी या पादप सामग्री को पहचानने के लिए**

**Which of the statements given above is/are correct ?**
**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1 (b) 3 only/केवल 3
(c) 1 and 2/1 और 2 (d) 2 and 3/2 और 3

**Ans. (d) :** डी.एन.ए. बार कोडिंग एक विशिष्ट जीन से डी.एन.ए. के एक छोटे खण्ड का उपयोग करके विभिन्न प्रजातियों की सटीक पहचान करने की एक विधि है।
DNA बार कोडिंग निम्न का उपसाधन हो सकता है।
1. प्रजातियों की पहचान एवं संरक्षण में महत्वपूर्ण है।
2. **खाद्य प्रमाणीकरण हेतु।**
3. कृषि में कीट नियंत्रकों हेतु।
4. रोग वाहकों की पहचान एवं प्राकृतिक स्वास्थ्य उत्पादों के प्रमाणीकरण हेतु।
समान रूप से दिखाई देने वाली प्रजातियों के बीच भिन्नता जानने के लिए DNA बार कोडिंग को वर्ष 2003 में पॉल हरबर्ट द्वारा विकसित किया गया था।

**100. Consider the following:**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए :**

1. **Carbon monoxide/कार्बन मोनोक्साइड**
2. **Nitrogen oxide/नाइट्रोजन ऑक्साइड**
3. **Ozone/ओज़ोन**
4. **Sulphur dioxide/सल्फर डाइ ऑक्साइड**

**Excess of which of the above in the environment is/are cause(s) of acid rain?**
**वातावरण में उपर्युक्त में से किसकी/किनकी अधिकता होने से अम्ल वर्षा होती है?**

(a) 1, 2 and 3/1, 2 और 3
(b) 2 and 4 only/केवल 2 और 4
(c) 4 only/केवल 4
(d) 1, 3 and 4/1, 3 और 4

**Ans. (b) :** पृथ्वी के वातावरण में मुख्य रूप से सल्फर डाईऑक्साइड एवं नाइट्रोजन डाई ऑक्साइड एवं नाइट्रोजन ऑक्साइड की अधिकता के कारण अम्ल वर्षा होती है। भारी उद्योगों, ताप विद्युत गृहों एवं वाहनों से निकलने वाले धुएं में उपस्थित सल्फर डाई ऑक्साइड एवं नाइट्रोजन डाई-ऑक्साइड ($SO_2$ एवं $NO_2$), जल-वाष्प एवं वर्षा के जल में घुलकर सल्फ्यूरिक अम्ल एवं नाइट्रिक अम्ल का निर्माण करती है तथा जब यह वर्षा का जल पृथ्वी पर गिरता है तो पृथ्वी पर स्थित वनस्पति, मृदा, भवनों एवं जल स्रोतों को हानि पहुंचाता है।

Free Content Available at Linking Laws website

www.LinkingLaws.com